Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

## अगस्त 2023

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. 'सेमीकंडक्टर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेमीकंडक्टर वे सामग्रियाँ हैं जिनकी चालकता कंडक्टर से अधिक और इंसुलेटर से कम होती है।
2. सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले बोर्ड प्रोडक्शन के लिये उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना शुरू की गई है।
3. सेमीकंडक्टर डिज़ाइन में शामिल घरेलू कंपनियों को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन लिंक्ड इंसेंटिव (DLI) योजना शुरू की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: वर्ष 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, जिसने भारत को एक स्वतंत्र प्रभुत्व के रूप में स्थापित किया, ने अंतरिम संविधान के रूप में भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अस्थायी उपयोग को अधिकृत किया जब तक कि देश ने अपना संविधान नहीं बना लिया।**

**कथन-II: भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने रियासतों को विलय पत्र पर हस्ताक्षर करके भारत में शामिल होने की अनुमति दी। जम्मू और कश्मीर के मामले में, दस्तावेज़ में कुछ शर्तें शामिल थीं जिन्हें बाद में अनुच्छेद 370 में शामिल किया गया था।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**3. आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था जिसका उद्देश्य उन ज़िलों में परिवर्तन लाना है जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रगति दिखाई है।
2. आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग, नीति आयोग द्वारा आरंभ की गई है।
3. यह कार्यक्रम मासिक डेल्टा रैंकिंग के माध्यम से ज़िलों के बीच अभिसरण, सहयोग और प्रतिस्पर्द्धा की व्यापक रूपरेखा तैयार करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**4. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ संपर्क करने में संकोच
2. पिछड़ापन
3. विशिष्ट संस्कृति
4. आदिम लक्षणों का संकेत

**लोकुर समिति (1965) द्वारा उल्लिखित किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में पहचानने के लिये उपर्युक्त में से कितनी विशेषताओं का उपयोग किया जाता है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**5. 'संविधान सभा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सी. राजगोपालाचारी ने वयस्क मताधिकार पर आधारित संविधान सभा के गठन की मांग की थी।
2. वर्ष 1940 के अगस्त प्रस्ताव में अंग्रेज़ों ने इस मांग को स्वीकार कर लिया था।
3. विधानसभा के गठन के लिये चुनाव माउंटबेटन योजना के निर्देशानुसार हुए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**6. राष्ट्रपति शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति शासन लगाने की राष्ट्रपति की उद्घोषणा न्यायिक समीक्षा के अधीन नहीं हो सकती।
2. यदि न्यायालय राष्ट्रपति की उद्घोषणा को असंवैधानिक और अमान्य मानती है, तो उसे बर्खास्त राज्य सरकार को बहाल करने की शक्ति प्राप्त है।
3. संसद द्वारा राष्ट्रपति की उद्घोषणा को मंज़ूरी देने के बाद ही राज्य विधानसभा को भंग किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**7. निम्नलिखित में से कौन पीएम उज्ज्वला योजना के तहत महिला लाभार्थी नहीं हैं?**

A. चाय बागान में कार्यरत और काम छोड़ चुकी जनजातियाँ
B. मनरेगा मज़दूर
C. द्वीपों और नदी द्वीपों में रहने वाले लोग
D. वनवासी

**8. 'संविधान की छठी अनुसूची' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।
2. राष्ट्रपति के पास एक नया स्वायत्त ज़िला/क्षेत्र बनाने या क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र या किसी स्वायत्त ज़िले या स्वायत्त क्षेत्र का नाम परिवर्तित करने की शक्ति है।
3. प्रत्येक स्वायत्त ज़िले में एक ज़िला परिषद होगी जिसमें तीस से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जिनमें से बारह राष्ट्रपति द्वारा नामित होते हैं जबकि शेष वयस्क मताधिकार के आधार पर चयनित किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**9. निम्नलिखित गैसीय उत्सर्जन पर विचार कीजिये:**

1. सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$)
2. ओजोन ($O_3$)
3. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$)
4. मरकरी (Hg)

**उपर्युक्त में से कितने कोयला दहन के कारण उत्सर्जित नहीं होते हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**10. 'नियंत्रक और महालेखापरीक्षक ( CGA )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CGA केंद्र सरकार के लेखांकन मामलों पर प्रधान सलाहकार होता है।
2. वह तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रबंधन लेखा प्रणाली की स्थापना और प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार है।
3. CGA राजकोष नियंत्रण की देखरेख और आंतरिक लेखापरीक्षा आयोजित करने की ज़िम्मेदारी रखता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**11. राज्य सभा की संवैधानिक स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की संचित निधि से व्यय से जुड़े वित्तीय विधेयकों को पेश करने और पारित करने के मामले में राज्यसभा के पास लोकसभा के समान दर्जा प्राप्त नहीं है।
2. राज्यसभा धन विधेयक को सिफ़ारिशों के साथ अथवा बिना सिफ़ारिशों के लोकसभा को नहीं लौटा सकती है।
3. किसी वित्तीय विधेयक (जिसमें केवल अनुच्छेद 110 से संबंधित मामले शामिल नहीं हैं), को राज्यसभा में पेश किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्र दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन ( SAARC ) का सदस्य नहीं है ?**

A. बांग्लादेश
B. म्याँमार
C. नेपाल
D. भूटान

**13. 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ( NTCA )' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 2005 में टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिशों के पश्चात् की गई थी।
3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री NTCA के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

14. भारत में टाइगर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **टाइगर रिज़र्व** | | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्के टाइगर रिज़र्व | A: | मध्यप्रदेश |
| 2. | नामेरी टाइगर रिज़र्व | B: | असम |
| 3. | नागरहोल टाइगर रिज़र्व | C: | कर्नाटक |
| 4. | सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व | D: | अरुणाचल प्रदेश |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**15. 'उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण' ( Consumer Expenditure Survey- CES ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।**

1. यह राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा आयोजित एक वार्षिक सर्वेक्षण है।
2. CES देश भर के शहरी और ग्रामीण दोनों घरों के उपभोग व्यय पैटर्न पर जानकारी एकत्र करता है।
3. यह अर्थव्यवस्था की मांग गतिशीलता के मापन कार्य में मदद करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई  नही

**16. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ( EAC-PM ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक गैर-संवैधानिक, वैधानिक और स्वतंत्र निकाय है जिसका गठन विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक तथा संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये किया गया है।
2. यह परिषद भारत सरकार के समक्ष तटस्थ दृष्टिकोण से प्रमुख आर्थिक मुद्दों को उजागर करने का कार्य करती है।
3. नीति आयोग प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**17. 'राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग ( NSC )' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना रघुराम राजन समिति, 2007 की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
2. इसमें एक अंशकालिक अध्यक्ष, 4 अंशकालिक सदस्य एवं एक पदेन सदस्य होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास निर्दिष्ट सांख्यिकीय क्षेत्रों में विशेषज्ञता और अनुभव होता है।
3. भारत का मुख्य सांख्यिकीविद् आयोग का सचिव होता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**18. नीति आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नीति आयोग की स्थापना का उद्देश्य सहकारी संघवाद को बढ़ाने के उद्देश्य को प्राप्त करना है।
2. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट (NILERD) नीति आयोग से जुड़ा एक केंद्रीय स्वायत्त संगठन है।
3. नीति आयोग एक गैर-वैधानिक निकाय है।।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सत्य हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**19. भारतीय संविधान की पाँचवीं अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दस भारतीय राज्यों में अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्र कहे जाने वाले क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित है।
2. 5वीं अनुसूची के तहत राज्यपाल ऐसे किसी भी क्षेत्र या पूरे राज्य को अनुसूचित क्षेत्र घोषित कर सकता है।
3. अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन के लिये राज्य को निर्देश देने की कार्यकारी शक्तियाँ राष्ट्रपति के पास होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**20. LiFE (पर्यावरण के लिये जीवनशैली) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत द्वारा वर्ष 2021 में ग्लासगो में UNFCCC के कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ के 26वें सत्र में LiFE को प्रस्तुत किया गया था।
2. मिशन का लक्ष्य प्रचलित "उपयोग और निपटान" अर्थव्यवस्था को एक स्थायी परिपत्र अर्थव्यवस्था के साथ बदलना है।
3. मिशन की योजना व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और उसका पोषण करने की है, जिसका नाम 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: सतत् विकास लक्ष्य (SDG), जिन्हें वैश्विक लक्ष्यों के रूप में भी जाना जाता है, को वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा गरीबी को समाप्त करने, ग्रह की रक्षा करने तथा यह सुनिश्चित करने हेतु सार्वभौमिक आह्वान के रूप में अपनाया गया था कि वर्ष 2030 तक सभी लोग को शांति एवं समृद्धि का सुख प्राप्त हो।**

**कथन-II: सभी 17 SDG आपस में एक-दूसरे से संबंधित हैं तथा यह स्वीकार करते है कि एक क्षेत्र में की गई कार्रवाइयों का प्रभाव दूसरों क्षेत्रों पर होगा।**

**नोट :**

**उपयुकत कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**22. 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. इस अधिनियम के तहत ऐसे अपराधों के मामलों को संवेदनशीलता के साथ हल करने के लिये 'विशेष न्यायालयों' की स्थापना की गई है।
2. इस अधिनियम की धारा 45 के तहत केंद्र सरकार को नियम बनाने का अधिकार दिया गया है।
3. व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये किसी बच्चे से जुड़ी अश्लील सामग्री संग्रहीत करने के अपराध में 10 वर्ष तक के कारावास की सज़ा अथवा जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A.केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**23. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वाशिंगटन संधि, 1949 द्वारा स्थापित एक सैन्य गठबंधन है।
2. NATO अपने सदस्य देशों को गृहयुद्ध या आंतरिक तख्तापलट के संदर्भ में सुरक्षा प्रदान करता है।
3. उत्तर मैसेडोनिया को 2020 में, उसके बाद फिनलैंड को 2023 में इसमें शामिल किया गया, इस प्रकार ये सबसे हाल ही में शामिल हुए देश बने।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. सिर्फ दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि सामान्य सरकारी घाटा वर्ष 2022 में GDP के 3.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 6.3 प्रतिशत हो जाएगा।**

**कथन-II: इस वृद्धि का कारण कमज़ोर राजस्व, उच्च ब्याज दायित्व तथा अधिक व्यय है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं,तथा कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण कथन-II है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं,तथा कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण कथन-II नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**25. अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FIH ने एंटी-डोपिंग नियम अपनाए हैं जो विश्व एंटी-डोपिंग कोड के पूर्ण अनुरूप हैं।
2. नए विवाद समाधान विनियमों के पूरक के रूप में अनुशासनात्मक आयुक्त (DC) की ज़िम्मेदारियाँ कानून में निर्धारित की गई हैं।
3. FIH का मानना है कि लिंग के आधार पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में भेदभाव अस्वीकार्य है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**26. क्रेडिट रेटिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी देश या संप्रभु इकाई की साख का एक स्वतंत्र मूल्यांकन है।
2. साख सरकार की बिना चूक के अपना ऋण चुकाने की क्षमता है।
3. सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग निवेशकों को राजनीतिक जोखिमों सहित किसी दिये गए देश के ऋण उपकरणों (जैसे बॉण्ड) में निवेश से जुड़े जोखिम के स्तर की जानकारी दे सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**27. 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2021' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह अधिनियम मूलत: से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को अधिक शक्ति प्रदान करता है।
2. इसके अनुसार दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियमित किसी भी कानून में उल्लिखित 'सरकार' शब्द का अर्थ उपराज्यपाल होगा। इस अधिनियम में उपराज्यपाल को "सरकार" के रूप में वर्णित किया गया है।
3. यह अधिनियम उन मामलों में भी उपराज्यपाल को विवेकाधीन शक्तियाँ प्रदान करता है जिसमें विधान सभा को कानून बनाने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**28. राष्ट्रपति की अध्यादेश निर्माण शक्ति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक अध्यादेश संसद के अधिनियम के समान ही संवैधानिक सीमा के अधीन है।
2. संसद के अवकाश के दौरान राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गए प्रत्येक अध्यादेश को संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखा जाना आवश्यक नहीं है, जब वह समान हो।
3. यदि अध्यादेश को संसद के किसी भी सदन, लोकसभा या राज्यसभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो यह एक अधिनियम बन जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन 1. ग्रीनवॉशिंग एक प्रक्रिया है जो किसी कंपनी के उत्पाद पर्यावरण की दृष्टि से कितने अच्छे हैं, इसके बारे में गलत धारणा अथवा भ्रामक जानकारी देती है।**

**कथन 2. ग्रीनवॉशिंग तब हो सकती है जब कोई कंपनी पर्यावरणीय रूप से हानिकारक प्रथाओं में कंपनी की साझेदारी को कम करने के लिये किसी उत्पाद के धारणीय विकास पहलुओं पर बल देने का प्रयास करती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है ?**

A. कथन-I और कथन II दोनों सही हैं, और कथन II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन II सही है।

**30. निम्नलिखित राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों ( DPSP ) पर विचार कीजिये:**

1. ग्राम पंचायतों को संगठित करना और उन्हें स्वशासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिये आवश्यक शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करना।
2. कृषि और पशुपालन को आधुनिक एवं वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थित करना।
3. पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना तथा वनों और वन्यजीवों की रक्षा करना।

**उपर्युक्त में से कितने DPSP गांधीवादी सिद्धांतों से प्रभावित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**31. 'भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये( TPF )':**

1. इस फोरम के अंतर्गत नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (NOAA) की तकनीकी सहायता से टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (TED) डिज़ाइन को अंतिम रूप दिया गया।
2. इसका उद्देश्य बाज़ार पहुँच के बकाया मुद्दों का समाधान करके दोनों देशों को ठोस लाभ पहुँचाना है।
3. इसके पाँच फोकस समूह हैं, अर्थात् कृषि, निवेश, नवाचार और रचनात्मकता (बौद्धिक संपदा अधिकार), सेवाएँ, एवं टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएँ हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**32. उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2020-2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2019-20 की तुलना में उच्च शिक्षा उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में महिला नामांकन में गिरावट आई है।
2. वर्ष 2019-20 की तुलना में दिव्यांगजनों की श्रेणी से संबंधित छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है।
3. वर्ष 2019-20 की तुलना में उच्च शिक्षा उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में दाखिला लेने वाले मुस्लिम छात्रों के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**33. 'दलबदल कानून के तहत अयोग्यता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता का प्रश्न राज्यसभा के मामले में सभापति और लोकसभा के मामले में अध्यक्ष द्वारा तय किया जाता है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि इस संबंध में सभापति/अध्यक्ष का निर्णय न्यायिक समीक्षा के अधीन नहीं है।
3. यदि कोई नामित सदस्य छह महीने की समाप्ति के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है तो वह अयोग्यता के अधीन नहीं होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**34. अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंत्रिपरिषद तब तक पद पर बनी रहती है जब तक उसे संसद के दोनों सदनों के बहुमत का विश्वास प्राप्त होता है।
2. प्रस्ताव को प्रस्तावक के रूप में 50 सदस्यों और अनुमोदकों के रूप में 50 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता है।
3. भारतीय संविधान में अविश्वास प्रस्ताव का उल्लेख नहीं है.

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**35. 'वित्त आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त आयोग एक अर्ध-न्यायिक निकाय के रूप में कार्य करता है।
2. इसका गठन प्रत्येक पाँचवें वर्ष भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है
3. वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**36. 'शक्ति पृथक्करण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार की विधायी, कार्यकारी और न्यायिक शक्तियाँ अलग हैं और ये सरकार के तीन स्वतंत्र अंगों में निहित हैं।
2. विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण संविधान के मूल ढाँचा का आधार है।
3. वर्ष 1975 के इंदिरा नेहरु गाँधी मामले ने शक्तियों के पृथक्करण को संविधान की मूल संरचना के रूप में स्थापित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

नोट :

**37. ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस विश्व बैंक समूह द्वारा निश्चित मापदंडों के आधार पर देशों की रैंकिंग प्रदान करने के लिये प्रकाशित की गई एक रिपोर्ट है।
2. इसका आकलन करने के लिये विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के प्रदर्शन (डिस्टेंस टू फ्रंटियर) स्कोर को समेकित किया जाता है।
3. इस रैंकिंग का उद्देश्य निवेशकों के लिये एक संदर्भ स्वरूप काम करना, उनके निर्णयों और गतिविधियों को मार्गदर्शित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**38. 'बजट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति की सहमति के बाद विनियोग विधेयक विनियोग अधिनियम बन जाता है।
2. विनियोग विधेयक के लागू होने तक सरकार भारत की संचित निधि से पैसा नहीं निकाल सकती।
3. विनियोग विधेयक को संसद के किसी भी सदन में इस प्रकार संशोधित नहीं किया जा सकता है जिससे आवंटित राशि में किसी प्रकार का बदलाव हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**39. निम्नलिखित मापदंडों पर विचार कीजिये:**

1. निर्माण अनुमति के साथ लेन-देन
2. अनुबंध लागू करना
3. सीमा पार व्यापार
4. श्रेय प्राप्त करना

**उपर्युक्त में से कितने मापदंड ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट में शामिल हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) निवारण अधिनियम, 2002 के अनुसार भारत में मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी को 3 से 7 वर्ष के बीच सख्त कारावास की सज़ा का प्रावधान है।**

**कथन-II: मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम, सरकार को अवैध तरीकों से मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से अर्जित संपत्ति को ज़ब्त करने का अधिकार प्रदान करता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**41. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग ( CCI ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) एक स्वतंत्र नियामक ईकाई है, जिसकी स्थापना राघवन समिति की रिपोर्ट की एक प्रमुख अनुशंसा द्वारा की गई थी।
2. यह आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो वैधानिक अधिकारियों को राय देता है और अन्य मामलों से भी निपटता है।
3. इस आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**42. मानव गुर्दे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उदर गुहा में स्थित एक लाल भूरे, सेम के आकार की संरचना है।
2. नेफ्रॉन गुर्दे की कार्यात्मक इकाई है, जो रुधिर शोधन करने और मूत्र के उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार है।
3. वृक्क कोशिका एवं वृक्क नलिकाएँ, गुर्दे में पाए जाने वाले नेफ्रॉन के भाग हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**43. 'सुपरकंडक्टिविटी/अतिचालकता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अतिचालकता से आशय उस स्थिति से है जब कोई पदार्थ बिना किसी प्रतिरोध के विद्युत धारा को प्रवाहित करता है।
2. पारे की अतिचालकता को बार्डीन-कूपर-श्राइफ़र (BCS) सिद्धांत द्वारा समझा जा सकता है।
3. सामान्य सुपरकंडक्टर्स वायुमंडलीय दबाव पर कार्य करते हैं, लेकिन वे केवल बहुत उच्च तापमान पर रखे जाने पर ही सुपरकंडक्टिंग/अतिचालकता गुण प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**44. उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण ( CES ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा किया जाने वाला एक सर्वेक्षण है।
2. यह ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के व्यय प्रणाली पर डेटा एकत्रित करने के लिये प्रत्येक वर्ष एक बार सर्वेक्षण आयोजित किया जाता है।
3. इस सर्वेक्षण में केवल गैर-खाद्य वस्तुओं पर व्यय शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**45. 'कोयला एवं इसकी विशेषताओं' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पीट, लिग्नाइट, बिटुमिनस और एन्थ्रेसाइट कोयले के प्रकार हैं।
2. कोयले का यह वर्गीकरण कार्बन, राख और नमी की मात्रा पर निर्भर करता है।
3. धीमी ज्वलन, न्यूनतम ऊष्मा हानि और उच्च दक्षता एन्थ्रेसाइट कोयले की विशेषता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: केंद्र सरकार द्वारा "भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवज़ा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" जिसे भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013, के रूप में भी जाना जाता है, अधिनियमित किया गया था।**

**कथन-II: मौद्रिक मुआवजे के अतिरिक्त, इस अधिनियम के तहत पुनर्वास और पुनर्स्थापना पैकेज में रोज़गार के प्रावधान, वैकल्पिक आवास स्थानों का आवंटन, भूमि का एक खंड तथा अन्य अधिकार भी शामिल हैं। इसके घटकों के संदर्भ में यह इसे अधिक व्यापक पैकेज बनाता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**47. निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय समूह/संगठन/संघ के सदस्यों में ऑस्ट्रेलिया अथवा भारत शामिल नहीं हैं ?**

A. क्वाड
B. दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान)
C. AUKUS
D. शंघाई सहयोग संगठन (SCO).

**48. 'सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें प्रावधान है कि मुख्य सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिये पद पर रहेंगे।
2. मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त का वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएंगी।
3. राज्य सूचना आयुक्त का वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें राज्यपाल द्वारा निर्धारित की जाएंगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**49. सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR) के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR) डेटा संरक्षण और गोपनीयता पर यूरोपीय संघ कानून में एक विनियमन है।
2. यह विनियमन केवल यूरोपीय संघ और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र पर लागू होता है।
3. GDPR व्यक्तिगत डेटा हटा दिये जाने की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों को अतिरिक्त अधिकार प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**50. जनजातीय क्षेत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पंचायतों से संबंधित संविधान के भाग IX के प्रावधान पाँचवीं अनुसूची के तहत जनजातीय क्षेत्र पर लागू होते हैं।
2. राज्यपाल को पाँचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में राष्ट्रपति को केवल वार्षिक या जब भी राष्ट्रपति द्वारा आवश्यक हो, एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है।
3. संविधान के अनुसार राष्ट्रपति को राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण पर रिपोर्ट देने के लिये एक आयोग नियुक्त करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I. ऐसा लगता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध के आसपास की भू-राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों और उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण, भारत और रूस दोनों को पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेनदेन करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।**

**कथन II. इन चुनौतियों के जवाब में, उन्होंने दोनों देशों के बीच भुगतान निपटाने के वैकल्पिक साधन के रूप में भारतीय रुपये का उपयोग करने का विकल्प चुना है। अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करके, भारत और रूस अमेरिकी डॉलर या यूरो जैसी विदेशी मुद्राओं पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। इससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक वित्तीय बाज़ारों में अस्थिरता तथा संभावित व्यवधानों से बचाने में मदद मिल सकती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**52. चक्रवात बिपरजॉय की उत्पत्ति निम्नलिखित में से किस समुद्र से संबंधित है ?**

A. जावा सागर
B. अरब सागर
C. सेलेब्स सागर
D. फ्लोरेस सागर

**53. 'विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह ( PVTGs )' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PVTGs की स्थापना वर्ष 1973 में ढेबर आयोग की सिफारिशों के आधार पर एक विशिष्ट प्रकार के जनजातीय समूह के रूप में की गई थी।
2. PVTGs की पहचान भारत के कम विकसित क्षेत्रों में रहने वाले सबसे कमज़ोर निवासियों के रूप में की जाती है।
3. सहरिता, PVTGs का एक समूह है जो सर्वाधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करता है जबकि सेंटिनलेट्स और अंडमानीज़ की आबादी बहुत कम है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**54. 'क्रिएटिंग हेल्पफुल इन्सेन्टिव्स टू प्रोड्यूस सेमीकंडक्टर एंड साइंस (चिप्स) एक्ट, 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम अमेरिका में चिप्स बनाने वाली कंपनियों को सब्सिडी और अतिरिक्त टैक्स क्रेडिट प्रदान करता है।
2. इस अधिनियम के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली सेमीकंडक्टर कंपनियों को अगले 10 वर्षों के लिये चीन में उच्च तकनीकी केंद्र बनाने से रोक दिया गया है।
3. इस विधेयक का उपयोग कंपनियाँ विश्व स्तर पर विस्तार करने के लिये कर सकती हैं तथा भारत उनके लिये एक अच्छा विकल्प होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**55. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की स्थापना वर्ष 1919 में वाशिंगटन की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में की गई थी।
2. इसे विभिन्न वर्गों के बीच शांति में सुधार और श्रमिकों के सभ्य कार्य और न्याय के लिये वर्ष 1969 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला।
3. शासी निकाय ILO की कार्यकारी परिषद है जिसकी वर्ष में तीन बार जिनेवा में बैठक होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**56. 'चंपारण सत्याग्रह (1917)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्वतंत्रता संग्राम में गांधीजी द्वारा किया गया पहला सविनय अवज्ञा आंदोलन था।
2. नील की खेती करने वाले राजकुमार शुक्ल ने सत्याग्रह के लिये पहल की, गांधी बिहार के चंपारण गए और वहाँ के किसानों की स्थिति की जानकारी ली।
3. कानून के अनुसार, यदि उपज सामान्य उत्पादन के एक चौथाई से कम होने की स्थिति में किसान छूट के हकदार थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**57. 'जेद्दा वार्ता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस वार्ता का उद्देश्य यूक्रेन के साथ रूस के संघर्ष को समाप्त करने के लिये बातचीत शुरू करना है।
2. रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर इस शांति वार्ता की मेज़बानी संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने की।
3. रूस की ओर से संघर्ष खत्म करने और शांति बनाए रखने के लिये 10 सूत्रीय शांति प्रस्ताव रखे गए हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**58. निम्नलिखित मापदंडों पर विचार कीजिये:**

1. अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास
2. स्नातक परिणाम
3. धारणा
4. दृष्टिकोण

**उपर्युक्त में से कितने पैरामीटर राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) का हिस्सा नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**59. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि और संबद्ध क्षेत्र नामक एक नया विषय पेश किया गया है।
2. NIRF रैंकिंग संस्थानों की 10 श्रेणियों और 5 मापदंडों पर आधारित है।
3. आउटरीच और विशिष्टता NIRF में माने जाने वाले 5 मापदंडों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**60. 'पेट्रोलियम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेट्रोलियम एक तरल मिश्रण है जिसका उपयोग गैसोलीन और कई अन्य उत्पाद बनाने के लिये किया जा सकता है।
2. भारत के अधिकांश तेल भंडार तृतीयक तलछटी चट्टान संरचनाओं में एंटीक्लाइन और भ्रंश ट्रैप में नहीं पाई जाती।
3. पेट्रोलियम मृत पौधों और जानवरों के अवशेषों से बनता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**61. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NCRB देश में अपराध के पैटर्न और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित आँकड़े तथा अंतर्दृष्टि प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
2. यह देश भर से अपराध-संबंधी आँकड़ों के लिये एक केंद्रीय भंडार के रूप में कार्य करता है।
3. NCRB को 'ऑनलाइन साइबर-अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' के तकनीकी और परिचालन कार्यों के प्रबंधन के लिये केंद्रीय केंद्रक अभिकरण के रूप में नामित किया गया है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**62. क्लस्टर युद्ध सामग्री के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्लस्टर युद्ध सामग्री हवा से गिराए जाने वाले अथवा सतह से छोड़े जाने वाले विस्फोटक हथियारों का एक रूप है जो एक विस्तृत क्षेत्र पर बमबारी करने में सक्षम होता है।
2. क्लस्टर युद्ध सामग्री का उपयोग रासायनिक अथवा जैविक अभिकारकों, लैंड माइंस अथवा लीफलेट को नष्ट करने के लिये नहीं किया जा सकता है।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक नए सैन्य सहायता पैकेज के हिस्से के रूप में यूक्रेन को क्लस्टर हथियार प्रदान करने का निर्णय लिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**63. 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य टीबी रोगियों के उपचार परिणामों में सुधार के लिये अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है।
2. नि-क्षय मित्र पहल, इस अभियान का एक घटक है, यह टीबी का इलाज करा रहे लोगों को अतिरिक्त नैदानिक, पोषण संबंधी और व्यावसायिक सहायता सुनिश्चित करती है।
3. इसे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों से कोई सहायता नहीं मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**64. 'नकद आरक्षी अनुपात ( CRR )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CRR कुल जमा का एक विशिष्ट हिस्सा है जो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के आदेश के साथ वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रखा जाता है।
2. भारत में नकद आरक्षी अनुपात का निर्धारण मौद्रिक नीति समिति (MPC) द्वारा आवधिक मौद्रिक और ऋण नीति के तहत किया जाता है।
3. नकद आरक्षी अनुपात (CRR) कम करने से सीधे तौर पर बैंकिंग प्रणाली के भीतर तरलता में कमी आती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**65. टमाटर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टमाटर फाइटोकेमिकल लाइकोपीन और विटामिन-सी का अच्छा स्रोत हैं।
2. ये सोलानेसी या नाइटशेड परिवार से संबंधित हैं, जिसमें मिर्च, आलू और बैंगन भी शामिल हैं।
3. टमाटर का लाल रंग "एंथोसायनिन" नामक वर्णक की उपस्थिति के कारण होता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**66. 'आरबीआई गवर्नर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के गवर्नर की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।
2. RBI के मुख्य कार्यकारी के रूप में गवर्नर को RBI अधिनियम द्वारा महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है।
3. RBI का गवर्नर RBI के केंद्रीय निदेशक मंडल का पदेन अध्यक्ष होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**67. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ( NTCA ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में बाघों की जनगणना मुख्य रूप से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा आयोजित की जाती है।
2. NTCA टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिश पर स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
3. NTCA, प्रोजेक्ट टाइगर तथा भारत के कई टाइगर रिजर्व का प्रभारी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**68. निम्नलिखित वृक्षारोपण पर विचार कीजिये:**

1. चाय
2. कॉफी
3. रबड़
4. औषधीय पौधे

**उल्लिखित वस्तुओं में से कितनी वस्तुओं की खेती वन भूमि को साफ करके नहीं की जा सकती है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**69. 'संजय-दुबरी टाइगर रिज़र्व' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।:**

1. इसमें संजय राष्ट्रीय उद्यान और दुबरी अभयारण्य शामिल हैं,
2. यह बांधवगढ़ और पलामू टाइगर रिज़र्व को जोड़ने वाला एक वन्यजीव गलियारा बनाता है।
3. सोन, गोपद, मवई नदियाँ संजय-दुबरी टाइगर रिज़र्व से होकर गुजरती हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**70. वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार को वन संरक्षण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये एक सलाहकार समिति स्थापित करने का अधिकार है।
2. यह कानून जम्मू-कश्मीर को छोड़कर संपूर्ण भारत में लागू होता है।
3. यह अधिनियम राज्य सरकारों एवं अन्य प्राधिकरणों पर सीमाएँ लगाता है, जिससे उन्हें निर्णय लेने से पूर्व केंद्र सरकार से अनुमति लेने की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**71. 'राष्ट्रीय आपातकाल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संविधान में औपचारिक संशोधन के बिना संघीय ढाँचे को एकात्मक ढाँचे में बदल देता है।
2. 1976 के 42वें संशोधन अधिनियम ने 'आंतरिक अशांति' के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द को प्रतिस्थापित कर दिया।
3. राष्ट्रपति कैबिनेट से लिखित अनुशंसा प्राप्त करने के बाद ही राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**72. 'बजट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1919 के भारत सरकार अधिनियम ने पहली बार प्रांतीय बजट को केंद्रीय बजट से अलग किया।
2. वर्ष 1924 में एक्वर्थ कमेटी रिपोर्ट (1921) की सिफारिशों पर रेलवे बजट को आम बजट से अलग कर दिया गया।
3. भारत सरकार दो बजट जारी करती है, रेलवे बजट और आम बजट।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**73. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) के अनुसार श्रम बल में वे लोग शामिल हैं जो 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं, नियोजित अथवा बेरोज़गार हैं लेकिन काम करने के इच्छुक हैं।
2. भारत की LFPR कम होने का मुख्य कारण महिला LFPR का अत्यंत निम्न स्तर है।
3. भारत में, श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में पिछले एक दशक (विशेषकर 2016 से 2021 तक के वर्षों के दौरान) में गिरावट देखी गई है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**74. ओपन मार्केट ऑपरेशंस ( OMO ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. OMO का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करना है।
2. यह मात्रात्मक उपकरणों में से एक है जिसका उपयोग RBI वर्ष के दौरान तरलता की स्थिति को सुचारू बनाने तथा ब्याज दर एवं मुद्रास्फीति दर के स्तर पर इसके प्रभाव को कम करने के लिये करता है।
3. RBI वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से OMO लागू करता है तथा जनता से सीधे तौर पर संबंधित नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ? ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**75. 'भारत में राजद्रोह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजद्रोह के लिये धारा 124A के अंतर्गत कारावास केवल तीन वर्ष तक है।
2. लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू तथा भगत सिंह जैसे प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों द्वारा राजद्रोह कानून के माध्यम से दोषी ठहराया गया था।
3. केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य मामले वर्ष 1962 में सर्वोच्च न्यायालय ने राजद्रोह को अव्यवस्था, अराजकता उत्पन्न करने अथवा हिंसा भड़काने के उद्देश्य से किये गए कृत्यों तक सीमित कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**76. मुख्य चुनाव आयुक्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्य चुनाव आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अपदस्थ करने के समान तरीके और समान आधारों के अतिरिक्त उनके पद से नहीं हटाया जा सकता है।
2. संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों के कार्यकाल के विषय में विस्तृत विवरण दिया गया है।
3. संविधान सरकार को किसी सेवानिवृत्त चुनाव आयुक्त को आगे किसी भी प्रकार की नियुक्ति करने से प्रतिबंधित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**77. तारकुंडे समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. देश में चुनावी प्रणाली की जाँच करने और सुधारों हेतु सुझाव देने के लिये भारत में इस समिति की स्थापना की गई थी।
2. इसने सिफारिश की कि मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर देना चाहिये।
3. टीवी और रेडियो प्रसारण को एक स्वायत्त वैधानिक निकाय के तहत लाया जाना चाहिये।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

78. भारत में न्यायिक प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत सरकार अधिनियम, 1935 भारत में एकीकृत न्यायिक प्रणाली का आधार है।
2. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्ते का निर्धारण संसद द्वारा किया जाता है।
3. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को संसद की भागीदारी की आवश्यकता के बिना ही राष्ट्रपति के आदेश द्वारा उनके पद से हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**79. 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) उस संस्था को कहते हैं जो कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है।
2. NBFC के कार्य और संचालन को RBI के अधिनियम, 1934 के ढाँचे के अंतर्गत विनियमित किया जाता है।
3. इन्वेस्टमेंट कंपनी (IC) एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) है जिसका मुख्य कार्य प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**80. 'मौद्रिक नीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौद्रिक नीति का प्राथमिक लक्ष्य विकास को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है।
2. यह नीति संकुचनकारी अथवा विस्तारवादी हो सकती है, साथ ही यह देश के करों और समग्र खर्चों का प्रबंधन करने वाली राजकोषीय नीति से भिन्न होती है।
3. मौद्रिक नीति में खुला बाज़ार संचालन, रिज़र्व की आवश्यकताओं अथवा विदेशी मुद्रा व्यापार के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ब्याज़ दरों में बदलाव शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**81. निम्नलिखित द्वीपों पर विचार कीजिये:**

1. कूक द्वीप
2. किरिबाती
3. मार्शल द्वीपसमूह
4. पलाउ

नोट :

**उपरोक्त द्वीपों में से कितने प्रशांत महासागर में स्थित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केल्व तीन

D. सभी चार

**82. 'भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने धार्मिक विभिन्नताओं के आधार पर भारतीय राज्य को भारत और पाकिस्तान के रूप में दो अलग-अलग प्रभुत्वों में विभाजित करने का प्रावधान किया।
2. इसके द्वारा भारत के लिये राज्य सचिव का पद समाप्त कर दिया गया।
3. इसने रियासतों को किसी भी उपनिवेश में शामिल होने या स्वतंत्र रहने का अधिकार नहीं दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**83. इस्लामिक सहयोग संगठन ( OIC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चार महाद्वीपों में फैले 57 देशों की सदस्यता के साथ इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) संयुक्त राष्ट्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है।
2. OIC के प्रत्येक सदस्य के पास संयुक्त राष्ट्र में भी सदस्यता होती है।
3. OIC के घोषणापत्र में OIC के वित्तपोषण का कार्य सदस्य राज्यों के योगदान के माध्यम से किये जाने का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**84: वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक ( Multidimensional Poverty Index- MPI ) 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल द्वारा वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 जारी किया गया है।
2. यह सूचकांक "किसी व्यक्ति के जीवन को प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में परस्पर जुड़े अभावों को मापता है"।
3. भारत उन देशों में शामिल है जिसने 15 वर्षों के भीतर अपने वैश्विक MPI मान को सफलतापूर्वक आधा कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**85. मौलिक कर्त्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों तथा संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना।
2. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना ताकि राष्ट्र निरंतर ही विकास और उपलब्धि की ऊँचाईयों को छू सके।
3. गरीबों के लिये समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता को बढ़ावा देना।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**86. 'अनुच्छेद 23 अर्थात् मानव तस्करी और ज़बरन श्रम का निषेध' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मानव तस्करी और ज़बरन श्रम का निषेध व्यक्ति को निजी व्यक्तियों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है, लेकिन राज्य के विरुद्ध नहीं।
2. अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम, 1956 मानव तस्करी और व्यक्तियों के अनैतिक शोषण से संबंधित गतिविधियों को दंडित करने के लिये संसद द्वारा पारित किया गया था।
3. सार्वजनिक उद्देश्यों के लिये अनिवार्य सेवाएँ जैसे सशस्त्र बलों में भर्ती असंवैधानिक नहीं हैं तथा राज्य अत्यावश्यक परिस्थितियों में इसका उपयोग कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**87. आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) की स्थापना प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में की गई है।
2. NDMA को उसके कार्यों के निष्पादन में सहायता करने के लिये सचिवों की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (NEC) बनाई गई है।
3. ज़िला मजिस्ट्रेट/ज़िला कलेक्टर/उपायुक्त, ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) के प्रमुख होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**88. 'बादल फटने' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लगभग 20-30 वर्ग कि.मी. के भौगोलिक क्षेत्र में 100 मिमी./घंटा से अधिक अप्रत्याशित वर्षा के साथ एक मौसमी घटना है।
2. यह आमतौर पर तब होता है जब मानसूनी बादल बंगाल की खाड़ी या अरब सागर से भारतीय उपमहाद्वीप में उत्तर की ओर प्रवाहित होते हैं।
3. बादल फटने की संभावना का सटीक अनुमान लगाने के लिये एक अत्यधिक परिष्कृत रडार नेटवर्क आवश्यक है, लेकिन ऐसे नेटवर्क को लागू करने में बड़ी लागत आती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**89. 'भारत के विधि आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का विधि आयोग एक संवैधानिक निकाय है जिसका मुख्य कार्य देश में कानूनी सुधार करना है।
2. इसने नए कानून बनाने की सिफारिश की जिनकी DPSPs को लागू करने के लिये आवश्यकता हो सकती है।
3. भारतीय दंड संहिता (IPC) का मसौदा वर्ष 1860 में लॉर्ड मैकाले की अध्यक्षता में प्रथम विधि आयोग की सिफारिशों के आधार पर तैयार किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**90. सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. एक अथवा एकाधिक राज्यों और भारत सरकार के बीच उत्पन्न होने वाले विवाद सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं।
2. अपने मूल क्षेत्राधिकार में सर्वोच्च न्यायालय वित्त आयोग से संबंधित मामलों के लिये उत्तरदायी होता है।
3. पूर्व-संवैधानिक समझौते, संधि, प्रतिबद्धता, साझेदारी, या अन्य वचन पत्रों से उत्पन्न कोई भी विवाद सर्वोच्च न्यायालय का अपीलीय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**91. 'भारत सरकार अधिनियम ( 1935 )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. इस अधिनियम ने ब्रिटिश भारतीय प्रांतों और रियासतों के संघ के आधार पर एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया।
2. रक्षा और विदेशी मामले संघीय विधायिका के नियंत्रण से बाहर रहेंगे, जबकि वायसराय अन्य विषयों पर विशेष नियंत्रण बनाए रखेगा।
3. इस अधिनियम द्वारा भारत सरकार अधिनियम, 1919 में प्रस्तुत प्रांतीय स्वायत्तता को हटा दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**92. 'भूमध्यसागरीय जलवायु' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भूमध्यसागरीय जलवायु से आशय उस जलवायु से है जिसमें हल्की शुष्क सर्दियाँ तथा ग्रीष्मकाल गर्म व आर्द्र होते हैं।
2. ये स्थान, जो भूमध्य सागर के निकट हैं, का अक्षांश 30° और 40° के बीच है।
3. भूमध्यसागरीय क्षेत्र की सबसे प्रमुख विशेषता सर्दियों में वर्षा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नभी नहीं

**नोट :**

**93. निम्नलिखित लाभार्थियों पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) जिसकी अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 3,00,000 रुपए है।
2. निम्न आय समूह (LIG) जिसकी अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 6,00,000 रुपए है।
3. मध्यम आय समूह जिनकी अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 18,00,000 रुपए है।
4. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) जिनकी वार्षिक आय 8,00,000 रुपए है।

**उपर्युक्त में से कितने प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के अंतर्गत लाभार्थी नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**94. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रामसभा के पास समाज के निम्नतर वर्ग के लोगों और आदिवासी समुदायों को अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।
2. यह अधिनियम वन निवास अनुसूचित जनजातियों (FDST) तथा अन्य पारंपरिक वन निवासियों (OTFD) को वन तथा वन भूमि पर अधिकार की अनुमति और मान्यता प्रदान करता है।
3. इन अधिकारों की मान्यता की प्रक्रिया की निगरानी के लिये केंद्र सरकार द्वारा एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**95. पश्चिमी विक्षोभ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी विक्षोभ अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय तूफान हैं जो कैस्पियन या भूमध्य सागर में उत्पन्न होते हैं, और इनके कारण उत्तर पश्चिम भारत में मानसूनी वर्षा होती हैं।
2. "अतिरिक्त-उष्णकटिबंधीय तूफान" शब्द उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर विकसित कम दबाव वाले क्षेत्रों को संदर्भित करता है।
3. यूक्रेन और पड़ोसी देशों जैसे क्षेत्रों पर प्रदर्शित एक उच्च दबाव क्षेत्र ध्रुवीय क्षेत्रों से उच्च नमी वाले अपेक्षाकृत गर्म हवा के क्षेत्र की ओर ठंडी हवा के अतिक्रमण का कारण बनता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**96. रामसर साइटों के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | |
|---|---|
| 1. सस्थमकोट्टा झील | A. केरल |
| 2. सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान | B. हरियाणा |
| 3. चंद्रताल | C. महाराष्ट्र |
| 4. लोनार झील | D. हिमाचल प्रदेश |

**नोट :**

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: ऊर्जा मंत्रालय (MoP) ने वर्ष 2017 में कोयला लिंकेज नीति को मंज़ूरी दे दी, जिसे शक्ति नीति (भारत में कोयला को पारदर्शी रूप से उपयोग तथा आवंटित करने की योजना) के रूप में जाना जाता है।**

**कथन-II: नीति उन विद्युत संयंत्रों को कोयला लिंकेज प्रदान करती है जिनमें कोयला नीलामी के माध्यम से ईंधन आपूर्ति समझौते (FSAs) की कमी है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I तथा कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I तथा कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**98. 'एकीकृत बाल विकास योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 0-6 वर्ष की आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ इस योजना के तहत लाभार्थी के अंतर्गत आती हैं।
2. इसमें छह सेवाएँ प्रदान की जाती हैं; पूरक पोषण, प्री-स्कूल गैर-औपचारिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच तथा रेफरल सेवाएँ।
3. टेक होम राशन (THR) पूरक पोषण का हिस्सा नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नभी नही

**99. 'विश्वकर्मा योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य विशेष रूप से SC तथा ST समुदाय के कारीगरों एवं शिल्पकारों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता, बाज़ार संपर्क, सामाजिक सुरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करना है।
2. इसमें केवल कपड़ा एवं चमड़ा जैसे क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को शामिल किया जाएगा।
3. यह योजना कारीगरों तथा शिल्पकारों को ऋण, अनुदान, सब्सिडी, ब्याज छूट आदि के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**100. जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम के अधिनियमन के बाद से भारत में जन्म और मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।
2. इस अधिनियम के अनुसार, जन्म और मृत्यु का पंजीकरण करना राज्य की ज़िम्मेदारी है।
3. राज्यों द्वारा नियुक्त मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा एक राज्य-स्तरीय डेटाबेस तैयार किया जाएगा और इसे भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा तैयार किये गए राष्ट्रीय स्तर के डेटा के साथ एकीकृत किया जाएगा।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**101. 'न्यायिक समीक्षा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायिक समीक्षा केवल विधायी अधिनियमों की संवैधानिकता का आकलन करने के न्यायपालिका के अधिकार से संबंधित है।
2. वर्ष 2014 के 99वें संवैधानिक संशोधन को सर्वोच्च न्यायालय ने संवैधानिक रूप से वैध करार दिया था।
3. संविधान की सर्वोच्चता के सिद्धांत को कायम रखने के लिये न्यायिक समीक्षा की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**102. निम्नलिखित पर्वतीय दर्रों पर विचार कीजिये:**

1. खारदुंग ला
2. चांग ला
3. बम ला
4. नाथू ला

**उपर्युक्त में से कितने लद्दाख में स्थित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**103. भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. सर्वोच्च न्यायलय ने फैसला सुनाया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) का कार्यालय सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005 के दायरे में नहीं आता है।
2. CJI को राष्ट्रपति के आदेश से तभी हटाया जा सकता है जब संसद का अभिभाषण राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया गया हो।
3. अपने प्रशासनिक कार्य के हिस्से के रूप में, भारत के मुख्य न्यायाधीश के पास विशिष्ट बेंचों को मामलों को आवंटित करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**104. निम्नलिखित गैसों पर विचार कीजिये:**

1. प्रोपेन
2. ब्यूटेन
3. आइसो ब्यूटेन
4. इथेनइथेयॉल

**नोट :**

**रिसाव के दौरान तेज़ गंध उत्पन्न करने के लिये LPG के साथ उपरोक्त में से किस हाइड्रोकार्बन की मात्रा मिलाई जाती है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**105. निम्नलिखित रिएक्टरों में से कौन-सा चीन का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत परमाणु संलयन प्रायोगिक अनुसंधान उपकरण है जिसे "कृत्रिम सूर्य (Artificial Sun)" के रूप में जाना जाता है?**

A. बीवर वैली
B. ब्राउन्स फेरी
C. बायरन
D. HL-2M टोकामक रिएक्टर

**106. निम्नलिखित आयामों पर विचार कीजिये:**

1. सामाजिक-आर्थिक स्थिरता
2. पर्यावरण स्थिरता
3. जनसांख्यिकी
4. सांप्रदायिक हिंसा की निरंतरता

**उपर्युक्त में से कितने मानव विकास रिपोर्ट के 13 आयामों के अंतर्गत शामिल नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**107. फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड एंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड एंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स योजना नेशनल मिशन ऑन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के तहत शुरू की गई थी।
2. FAME का मुख्य उद्देश्य सब्सिडी बिना प्रदान किये इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करना है।
3. यह मुख्यत: चार पहलुओं पर केंद्रित है, अर्थात् मांग निर्माण, प्रौद्योगिकी मंच, पायलट परियोजनाएँ और चार्जिंग बुनियादी ढाँचा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**108. 'बंगाल विभाजन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी भाग के अधिकांश बंगालियों ने इस कदम का विरोध किया क्योंकि उन्हें लगता था कि वे अपने ही प्रांत में भाषाई अल्पसंख्यक बन जायेंगे।
2. बंगाली मुस्लिम समुदाय के कई मुसलमानों ने इस कदम का समर्थन किया क्योंकि उन्हें लगा कि इससे उनके शैक्षिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हितों को बढ़ावा मिलेगा।
3. विभाजन के दौरान, लोगों ने शोक मनाया तथा टैगोर ने हिंदुओं और मुसलमानों से राखी का आदान-प्रदान करके भाईचारा प्रदर्शित करने का आग्रह किया।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**109. अर्बन 20 ( U-20 ) शिखर सम्मेलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पेरिस में वन प्लैनेट शिखर सम्मेलन में शुरू की गई एक शहर कूटनीति पहल है।
2. यह G20 देशों के शहरों को जलवायु परिवर्तन, सामाजिक समावेशन, टिकाऊ गतिशीलता और किफायती आवास पर चर्चा की सुविधा के लिये एक मंच प्रदान करता है।
3. C40 सिटीज़ और यूनाइटेड सिटीज़ एंड लोकल गवर्नमेंट्स (UCLG) U20 शिखर सम्मेलन आयोजित करते हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**110. 'असहयोग आंदोलन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉन्ग्रेस ने खिलाफत मुद्दे को हल करने, पंजाब में हो रहे अन्याय को रोकने और स्वराज हासिल करने के तीन उद्देश्यों के साथ अहिंसक असहयोग के प्रस्ताव को अपनाया।
2. इस तहत विवादों को सुलझाने के उद्देश्य से पंचायतों के निर्माण के साथ-साथ राष्ट्रीय स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना की योजना थी।
3. कई क्रांतिकारी गुटों ने, विशेषकर बंगाल में, इस आंदोलन के प्रति अपना असंतोष व्यक्त किया और किसी भी क्रांतिकारी गुट ने इस आंदोलन का समर्थन नहीं किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**111. लार्ज लैंग्वेज मॉडल ( LLM ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) एक प्रकार का मशीन लर्निंग मॉडल है जो विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) कार्य कर सकता है।
2. लार्ज लैंग्वेज मॉडल प्रशिक्षण डेटा से सीखे गए पैटर्न के आधार पर आउटपुट उत्पन्न करने के लिये डीप न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करता है।
3. लार्ज लैंग्वेज मॉडल आर्किटेक्चर को प्रभावित करने के लिये सेल्फ-अटेंशन मैकेनिज़्म महत्त्वपूर्ण घटक हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन 1. जलवायु परिवर्तन पर नवीनतम अंतर सरकारी पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि तटीय क्षेत्र और हिमालय चरम जलवायु घटनाओं में वृद्धि तथा वर्षा पैटर्न में बदलाव का अनुभव करने के लिये तैयार हैं।**

**कथन 2. हिमालयी क्षेत्र के लिये विकासात्मक रणनीतियों को केवल अनिर्देशित बुनियादी ढाँचे के विस्तार के बजाय जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिये।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**113. निंदा प्रस्ताव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे किसी एक मंत्री या मंत्रियों के समूह या संपूर्ण मंत्रिपरिषद के खिलाफ प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. यदि यह लोकसभा में पारित हो जाता है, तो मंत्रिपरिषद को पद से इस्तीफा देना होगा।
3. इसे विशिष्ट नीतियों और कार्यों के लिये मंत्रिपरिषद की निंदा करने के लिये पेश किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**114. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में एक नियामक निकाय है जो मुख्य रूप से सुरक्षा संबंधी मुद्दों का निपटान करता है।
2. यह केवल भारत से बाहर के हवाई परिवहन सेवाओं के विनियमन के लिये उत्तरदायी है, घरेलू उड़ानों के लिये नहीं।
3. यह अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के साथ सभी नियामक कार्यों का समन्वय भी करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**115. 'भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं की सूची से संबंधित है।
2. यह राष्ट्रपति द्वारा एक राजभाषा आयोग के गठन का प्रावधान करता है।
3. 71वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने कोंकणी, मणिपुरी (मेइतेई) और नेपाली को आधिकारिक भाषाओं के रूप में प्रदान किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**116. निम्नलिखित हितधारकों पर विचार करें**

1. ग्राम सभा
2. त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाएँ (PRIs)
3. राज्य सरकार
4. ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी

**उपर्युक्त में से कितने मनरेगा के तहत प्रमुख हितधारक हैं?**

A.केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**117. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन 1. भारत और अमेरिका ने भारत-अमेरिका 5वीं वाणिज्यिक वार्ता 2023 के दौरान सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये, जो भारत को इलेक्ट्रॉनिक सामानों का केंद्र बनने के अपने लंबे समय से पोषित सपने को साकार करने में सहायता कर सकता है।**

**कथन 2. यह घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आयात निर्भरता को कम करने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है और वैश्विक सेमीकंडक्टर निर्माता के रूप में भारत की स्थिति को मज़बूत करने की अपेक्षा है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I तथा कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I तथा कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**118. डल झील के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डल झील को "कश्मीर के मुकुट का गहना" या "श्रीनगर का गहना" नाम दिया गया है।
2. इस आर्द्रभूमि को पक्की सड़कों द्वारा चार बेसिनों में विभाजित किया गया है; गगरीबल, लोकुट डल, बोड डल और नागिन।
3. लोकुट-डल के केंद्र में दो द्वीप हैं, जिन्हें रूप लंक और सोना लंक के नाम से जाना जाता है जबकि बोड-डल के पास कोई द्वीप नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**119.'उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग को रोकने के लिये यूजीसी विनियम, 2009' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये दिशानिर्देश सभी परिसरों पर लागू होते हैं, चाहे वे परिसर में स्थित हों या बाहर और परिवहन के साधनों पर भी, चाहे वे सार्वजनिक हों या निजी।
2. इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य रैगिंग की गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म करना और उन पर रोक लगाना सुनिश्चित करना है।
3. IPC में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसका उपयोग कोई छात्र निकटतम पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराने के लिये कर सके।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**120. BRICS के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पहला BRIC शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में फ़ोर्टालेज़ा, ब्राज़ील में हुआ था।
2. वर्ष 2014 में आयोजित छठे BRICS शिखर सम्मेलन में न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना पर हस्ताक्षर किये गए थे।
3. वैसे तो BRICS का अस्तित्त्व किसी संगठन के रूप में नहीं है, लेकिन इसका शिखर सम्मेलन प्रत्येक वर्ष पाँच देशों के सर्वोच्च अधिनायकों के बीच आयोजित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**121. निम्नलिखित में से कौन लाल सागर को हिंद महासागर से जोड़ता है?**

1. स्वेज़ की खाड़ी
2. अदन की खाड़ी
3. बाब अल-मंदेब जलसंधि
4. अकाबा की खाड़ी

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 2, 3 और 4

**122. खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GCC की स्थापना वर्ष 1981 में 4 देशों - बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच हस्ताक्षरित एक समझौते द्वारा की गई थी।
2. यह सचिवालय अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**123. सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थाओं हेतु दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये नियम सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000 की धारा 87 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाए गए हैं।
2. इन दिशानिर्देशों के अनुसार, केवल महत्त्वपूर्ण सोशल मीडिया मध्यवर्ती संस्थाओं को ही मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त करना अनिवार्य है जो भारत का निवासी होना चाहिये।
3. सभी सोशल मीडिया मध्यवर्ती संस्थाओं को एक शिकायत अधिकारी नियुक्त करना चाहिये जो 24 घंटे के भीतर शिकायत स्वीकार करे और 15 दिनों के भीतर इसका समाधान करे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

- महत्त्वपूर्ण सोशल मध्यवर्ती संस्थाओं के लिये अतिरिक्त सम्यक तत्परता:
  - नियुक्तियाँ: मुख्य अनुपालन अधिकारी, एक केंद्रक संपर्क व्यक्ति तथा एक निवासी शिकायत अधिकारी, नियुक्त करने की आवश्यकता है, ये सभी भारत के निवासी होने चाहिये। अत: कथन 2 सही है।
  - अनुपालन रिपोर्ट: एक मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करने की आवश्यकता है जिसमें प्राप्त शिकायतों का विवरण और शिकायतों पर की गई कार्रवाई के साथ-साथ सक्रिय रूप से हटाई गई विषय वस्तु का विवरण भी शामिल हो।

124. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा आसियान के संबंध में सही नहीं है?

A. वर्ष 1975 में वियतनाम युद्ध की समाप्ति के बाद फिलीपींस, वियतनाम और म्याँमार आसियान में शामिल हुए।

B. आसियान की अध्यक्षता सदस्य देशों के अंग्रेजी नामों के वर्णमाला क्रम के आधार पर प्रतिवर्ष बदलती रहती है।

C. आसियान का भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता है।

**D. उपर्युक्त से कोई भी नहीं।**

**125. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. WPI के विपरीत, CPI सेवाओं की कीमतों में बदलाव को दर्शाता है।
2. औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI, CPI का एकमात्र प्रकार है जो श्रम ब्यूरो द्वारा जारी नहीं किया जाता है।
3. CPI, WPI की तुलना में खाद्य पदार्थों को अधिक महत्त्व देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**126. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. ऋण और अग्रिम राशि के व्यवसाय में संलग्न होना
2. सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा जारी स्टॉक/बॉण्ड/प्रतिभूतियों का अधिग्रहण
3. माँग जमा की स्वीकृति

**निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) द्वारा नहीं किया जा सकता है?**

A. 1, 2 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

**127. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत नहीं आता है?**

A. यह चुनाव के संचालन को नियंत्रित करता है।

B. यह भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने संबंधी प्रावधान प्रदान करता है।

C. यह मानहानि के कृत्य से संबंधित है।

**D. उपर्युक्त से कोई भी नहीं।**

नोट :

**128. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संसद के किसी भी सदन से संसद सदस्यों (सांसदों) की अपात्रता से संबंधित है?**

A. अनुच्छेद 102
B. अनुच्छेद 104
C. अनुच्छेद 105
D. अनुच्छेद 106

**129. बायोसिमिलर दवाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे सुरक्षा, शुद्धता और प्रभाव के मामले में संदर्भ उत्पाद के समान हैं, लेकिन चिकित्सकीय रूप से निष्क्रिय घटकों में मामूली अंतर हो सकता है।
2. भारत वर्ष 2000 में बायोसिमिलर को मंज़ूरी देने और उसका विपणन करने वाले दुनिया के पहले देशों में से एक था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**130. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SEBI के अस्तित्त्व में आने से पहले पूंजीगत मुद्दों का नियंत्रक एक नियामक प्राधिकरण था।
2. यह अर्द्ध-विधायी, अर्द्ध-न्यायिक और अर्द्ध-कार्यकारी निकाय के रूप में त्रिगुण कार्य करता है।
3. सेबी बोर्ड में केवल एक अध्यक्ष और कई अन्य पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**131. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में की गई थी।
2. यह पहली विशिष्ट और एकमात्र त्रिपक्षीय संयुक्त राष्ट्र एजेंसी बनी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो और 1 न ही 2

**132. BRICS के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दुनिया के पाँच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी का 41%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24% और वैश्विक व्यापार का 16% प्रतिनिधित्व करते हैं।
2. ब्राज़ील में छठे BRICS शिखर सम्मेलन के दौरान, नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (New Development Bank) की स्थापना के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
3. BRICS पहल के तहत, रिमोट सेंसिंग के लिये छह उपग्रह- 2 भारत से, 2 चीन से, 1 रूस से तथा 1 ब्राज़ील-चीन सहयोग से लॉन्च किये गए।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**133. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक विवर्तनिक प्लेट, महाद्वीपीय प्लेट या महासागरीय प्लेट हो सकती है, यह इस पर निर्भर करता है कि दोनों में से कौन प्लेट का बड़ा हिस्सा है।
2. प्रशांत प्लेट मुख्यत: एक महासागरीय प्लेट है जबकि यूरेशियाई प्लेट एक महाद्वीपीय प्लेट है।
3. अरेबियन प्लेट प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. सिर्फ दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**134. पश्चिमी विक्षोभ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर, काला सागर और कैस्पियन सागर से नमी प्राप्त करता है और पश्चिमी हिमालय से टकराने से पहले ईरान और अफगानिस्तान से होकर गुजरता है।
2. पश्चिमी विक्षोभ बर्फबारी का प्राथमिक स्रोत है जो सर्दियों के दौरान हिमालय के हिमनदों को भर देता है।
3. ये कम दबाव वाली तूफान प्रणालियाँ भारत में किसानों को उनकी रबी फसल उगाने में मदद करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**135. 'चंद्रयान-3' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. पिछले मिशन की तरह विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान पर छह पेलोड हैं।
2. लैंडर पर वैज्ञानिक पेलोड का उद्देश्य चंद्रमा पर आने वाले भूकंप, चंद्र सतह के तापीय गुणों और सतह के पास प्लाज़्मा में परिवर्तन का अध्ययन करना है।
3. चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल में स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबीटेबल प्लेनेट अर्थ (SHAPE) का उपयोग किया गया है जो चंद्रयान-2 मिशन का भी हिस्सा था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**136. आर्टेमिस समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. आर्टेमिस समझौते का गठन वर्ष 2020 में नासा द्वारा अमेरिकी विदेश विभाग के साथ सात अन्य संस्थापक सदस्य देशों के सहयोग से किया गया था।
2. आर्टेमिस समझौता वर्ष 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि में प्रमुख दायित्वों को मज़बूती प्रदान करता है और कार्यान्वित करता है।
3. यह नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण के लिये बाध्यकारी मार्गदर्शक सिद्धांत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**137. 'अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्टेशन चंद्रमा की सतह और/अथवा चंद्रमा की कक्षा में बनाया जाएगा जो चंद्र अन्वेषण और इसके उपयोग जैसी वैज्ञानिक अनुसंधान गतिविधियों को अंजाम देगा।
2. रूस और चीन सह-परामर्श, संयुक्त निर्माण और साझा लाभ के सिद्धांत का पालन करेंगे।
3. अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन हेतु व्यापक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, और यह अवसर भागीदारी में रुचि रखने वाले सभी देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के लिये उपलब्ध होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**138. नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार ( NISAR ) मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NISAR अंतरिक्ष में अपनी तरह का पहला रडार होगा जो दो अलग-अलग रडार आवृत्तियों X-बैंड और C-बैंड का उपयोग करके व्यवस्थित रूप से पृथ्वी का नक्शा तैयार करेगा।
2. NISAR को 12 महीने की अवधि के भीतर पूरी पृथ्वी का मानचित्रण पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।
3. NISAR में SAR तकनीक का उपयोग किया गया है, जो किसी भी मौसम की स्थिति में केवल दिन के उजाले के दौरान बादलों के पार से जानकारी व डेटा एकत्रित करने में सक्षम है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**139. 'विश्व व्यापार संगठन ( WTO )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. WTO राष्ट्रों के बीच व्यापार नियमों को विनियमित करने के लिए एकमात्र  उत्तरदायी वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय निकाय है।
2. WTO की वैश्विक प्रणाली समझौते के माध्यम से व्यापार में आने वाली बाधाओं को कम करती है और निष्पक्षता के सिद्धांत के तहत संचालित होती है।
3. यह गैर-भेदभाव के सिद्धांत के तहत अपने सदस्यों और गैर-सदस्यों के बीच व्यापार विवादों का निपटारा करता है और यह विकासशील देशों की जरूरतों का समर्थन करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन 1. कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक कंप्यूटर अथवा रोबोट की क्षमता है जिसे कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित किया जाता है ताकि वह ऐसे कार्यों को पूरा कर सकें जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं और जिसके लिये मानव जैसी बुद्धिमता और निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है।**

**कथन 2. रणनीतिक रूप से सोचने और ऐसे कार्य करने की क्षमता जिससे किसी निश्चित उद्देश्य को पूरा करने की सबसे अधिक संभावना हो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आदर्श विशेषता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**141. असहयोग आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आंदोलन रॉलेट एक्ट के विरोध में गठित किया गया था जो भारतीय वकीलों के विरोध के बावजूद पारित कर दिया गया था।
2. असहयोग आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार पर निर्भरता कम करने और यथासंभव इसका विरोध करने की माँग की।
3. इसकी योजना ब्रिटिश राज के साथ काम करने से इंकार करने और सभी सरकारी संस्थानों का बहिष्कार करने की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**142. 'मांग और आपूर्ति वक्र' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मांग और आपूर्ति वक्रों के प्रतिच्छेदन बिंदु को तटस्थ बिंदु के रूप में जाना जाता है।
2. जब उत्पादन लागत बढ़ती है, तो आपूर्ति की मात्रा कम हो जाती है, जिससे आपूर्ति वक्र में दाईं ओर परिवर्तन होता है।
3. यदि कर बढ़ाए जाते हैं, तो आपूर्ति कम हो जाएगी, जिससे आपूर्ति वक्र बाईं ओर खिसक जाएगा।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**143. FAO खाद्य मूल्य सूचकांक (FFPI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खाद्य वस्तुओं की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में वार्षिक परिवर्तन की एक माप है।
2. इसमें वर्ष 2014-2016 (आधार वर्ष) के दौरान प्रत्येक समूह के औसत निर्यात शेयरों द्वारा भारित पाँच वस्तु समूह मूल्य सूचकांकों का औसत शामिल है।
3. इसे वैश्विक कृषि वस्तु बाज़ारों में प्रगति को ट्रैक करने के लिये लागू किया गया था।

नोट :

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**144. 'राष्ट्रीय आपातकाल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा को इसके जारी होने की तिथि से छह माह के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।
2. यदि संसद के दोनों सदन इसे स्वीकृति देते हैं, तो आपातकाल शुरू में छह माह तक चल सकता है और संसद की स्वीकृति के साथ इसे छह माह के बाद अनिश्चित काल तक बढ़ाया जा सकता है।
3. वर्ष 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम ने आवधिक संसदीय अनुमोदन का प्रावधान प्रस्तुत किया।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**145. संसद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का राष्ट्रपति संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है और इसकी बैठकों में भाग लेने के लिये संसद में नहीं बैठता है।
2. राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग है।
3. भारत के राष्ट्रपति प्रत्येक आम चुनाव के बाद पहले सत्र की शुरुआत में राज्यसभा और लोकसभा दोनों को संबोधित करते हैं जब पुनर्गठित निचले सदन की पहली बैठक होती है।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**146. भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को "राष्ट्रीय आइकन" के रूप में सम्मानित किया गया है ?**

A. मेजर ध्यानचंद

B. सचिन तेंदुलकर

C. विश्वनाथन आनंद

D. एम.सी. मैरी कॉम

**147. लोकसभा में सीटों के आवंटन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: प्रत्येक राज्य को लोकसभा की कुछ सीटें इस प्रकार आवंटित की जाती हैं कि उस संख्या और उसके क्षेत्रफल के बीच का अनुपात सभी राज्यों के लिये समान रहे।**

**कथन-II: किसी राज्य में आवंटित लोकसभा सीटों की संख्या और उसकी जनसंख्या के बीच समान अनुपात का प्रावधान छह लाख से कम आबादी वाले राज्य पर लागू नहीं होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**148. 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्य निर्वाचन आयुक्त छह वर्ष की अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहते हैं।
2. उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान प्रक्रिया और उसी आधार पर ही उनके पद से हटाया जा सकता है।
3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और/या दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों के बीच मतभेद की स्थिति में, मुख्य चुनाव आयुक्त का निर्णय मान्य होगा।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**149. 'ब्रिक्स' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. इसका गठन पहली बार अनौपचारिक रूप से वर्ष 2006 में G8 आउटरीच शिखर सम्मेलन के मौके पर BRIC (ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन) देशों के नेताओं की एक बैठक के दौरान किया गया था।
2. दक्षिण अफ्रीका को पूर्ण सदस्य के रूप में स्वीकृत किये जाने के बाद यह समूह वर्ष 2010 में ब्रिक्स बन गया।
3. एशियाई विकास बैंक की स्थापना छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में फोर्टालेज़ा घोषणा को अपनाने के साथ की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**150. नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन इकोसिस्टम (NMSHE) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत आठ मिशनों में से एक है।
2. लद्दाख इस परियोजना के अंतर्गत आने वाला एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है।
3. इस परियोजना में जल विज्ञान संबंधी प्रभावों की जाँच और पूर्वानुमान के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं को नियंत्रित करना भी शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**नोट :**

**151. 'चारधाम महामार्ग विकास परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्तराखंड में चारधाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री) के लिये कनेक्टिविटी में सुधार हेतु सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है।
2. राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड इस परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक है।
3. इस कार्यक्रम के तहत कार्य को पूरा करने के लिये इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (EPC) पद्धति का उपयोग किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**152. निम्नलिखित देशों पर विचार करिये:**

1. मिस्र
2. ईरान
3. सऊदी अरब
4. संयुक्त अरब अमीरात

**उपर्युक्त में से कितने ब्रिक्स में सदस्य के रूप में शामिल हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**153. निम्नलिखित में से किस देश ने चंद्रमा की सतह पर अपना अंतरिक्ष यान नहीं उतारा?**

A. यूनाइटेड किंगडम
B. भारत
C. रूस
D. चीन

**154. पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) और राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) श्रेणी A परियोजनाओं को मंज़ूरी प्रदान करते हैं जिनमें EIA अनिवार्य होता है।
2. स्क्रीनिंग और स्कोपिंग की आवश्यकता वाले श्रेणी B परियोजनाओं का मूल्यांकन प्रभाव मूल्यांकन एजेंसी (IAA) और विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC) द्वारा किया जाता है।
3. खनन, ताप विद्युत संयंत्र, नदी घाटियाँ और अवसंरचना जैसी परियोजनाओं को पर्यावरण मंज़ूरी प्राप्त करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**155. 'कोच्चि-वाइपीन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केरल सरकार ने तिरुवनंतपुरम से कासरगोड तक एक तटीय राजमार्ग के निर्माण की महत्त्वाकांक्षी परियोजना शुरू की है।
2. प्रस्तावित राजमार्ग नौ तटीय ज़िलों से होकर गुजरेगा।
3. यह भारत में गहरे शिपिंग चैनल के तहत पहली सुरंग बनेगी।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**156. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम 2003 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम "राजकोषीय घाटा" को एक वित्तीय वर्ष के दौरान निधि में कुल प्राप्तियों पर ऋण के पुनर्भुगतान सहित, भारत के समेकित कोष से कुल संवितरण की अधिकता के रूप में परिभाषित करता है।
2. इसका उद्देश्य केंद्र सरकार को राजकोषीय प्रबंधन और दीर्घकालिक व्यापक-आर्थिक स्थिरता के संबंध में अंतर-पीढ़ीगत समानता सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार बनाना है।
3. केंद्र संरचनात्मक सुधारों जैसे कुछ आधारों का हवाला देते हुए वार्षिक राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के बाहर नहीं जा सकता है।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**157. 'नीति आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नीति आयोग भारत सरकार के एक कार्यकारी संकल्प द्वारा बनाया गया था।
2. राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (NILERD) नीति आयोग से जुड़ा एक केंद्रीय स्वायत्त संगठन है।
3. नीति आयोग की शासी परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, सभी केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**158. PM फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (PM-FME) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना आत्मनिर्भर भारत अभियान - खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वोकल फॉर लोकल पहल का एक हिस्सा है।
2. योजना के फोकस क्षेत्रों में अपशिष्ट से धन उत्पाद, लघु वन उत्पाद और आकांक्षी ज़िले शामिल हैं।
3. इसका उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के संगठित क्षेत्र में मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**159. 'संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNHCR की स्थापना वर्ष 1950 में यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के कारण हुए बड़े पैमाने पर विस्थापन के मद्देनज़र की गई थी।
2. UNHCR ने क्रमशः वर्ष 1954 और वर्ष 1981 में दो बार शांति का नोबेल पुरस्कार जीता है।
3. UNHCR के कार्यों को नियंत्रित करने वाला मुख्य कानूनी दस्तावेज वर्ष 1951 का शरणार्थी अभिसमय है।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**160. निम्नलिखित में से किस देश ने अपने पहले इंटरप्लेनेटरी होप प्रोब मिशन को मंगल ग्रह के कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित करने का ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका
B. संयुक्त अरब अमीरात
C. चीन
D. रूस

**161 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गोलकनाथ मामले (1967) में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है।
2. केशवानंद भारती मामले (1973) में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संसद संविधान के किसी भी हिस्से में तब तक संशोधन कर सकती है, जब तक वह संविधान की मूल संरचना में बदलाव या संशोधन नहीं करती है।
3. मिनर्वा मिल्स मामले (1980) में, न्यायालय ने बुनियादी संरचना सुविधाओं की सूची में दो विशेषताएं जोड़ीं, अर्थात् न्यायिक समीक्षा और मौलिक अधिकारों एवं DPSP के बीच संतुलन।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**162. संविधान के निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिये:**

1. नए राज्यों का गठन और मौजूदा राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं अथवा नामों में परिवर्तन
2. राज्यों में विधान परिषदों का विघटन या निर्माण
3. अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन (पाँचवीं अनुसूची)
4. संसद और राज्य विधानमंडलों के लिये चुनाव

**संविधान में कितने प्रावधानों को साधारण बहुमत से संशोधित किया जा सकता है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**163. साहित्य अकादमी पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. साहित्य अकादमी पुरस्कार एक साहित्यिक सम्मान है जो नेशनल एकदेमी ऑफ लेटर्स द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
2. साहित्य अकादमी ने भारत के संविधान में सूचीबद्ध केवल 22 भाषाओं को मान्यता दी है जिनमें उसके कार्यक्रम किये जा सकते हैं।
3. ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद साहित्य अकादमी पुरस्कार भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**164. 'भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. ट्राई दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करता है, जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ का निर्धारण/संशोधन भी शामिल है, जो पहले केंद्र सरकार में निहित थे।
3. ट्राई में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**165. भारत में निर्वाचन प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश का मुख्य निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशन और नियंत्रण के तहत राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में निर्वाचन कार्य के निरीक्षण के लिये अधिकृत है।
2. ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में किसी ज़िले के निर्वाचन कार्य का निरीक्षण करता है।
3. किसी संसदीय या विधानसभा क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर संबंधित संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन के संचालन के लिये ज़िम्मेदार होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**166. 'पद्म पुरस्कार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को की जाती है।
2. पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में पद्म विभूषण सर्वोच्च है, उसके बाद पद्मभूषण और पद्मश्री हैं।
3. पद्म पुरस्कार 'पद्म पुरस्कार समिति' द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किये जाते हैं, जिसका गठन प्रतिवर्ष राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**167. निम्नलिखित क्षेत्रीय फुटबॉल परिसंघों पर विचार कीजिये:**

1. एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC)
2. अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (CAF)
3. यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (UEFA)
4. ओशिनिया फुटबॉल फेडरेशन (OFC)

**उपर्युत में से कितने FIFA से संबद्ध छह क्षेत्रीय संघ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**168. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप दक्षिण चीन सागर में स्थित नहीं है?**

A. स्प्रैटली द्वीप समूह
B. डंक द्वीप
C. पार्सल द्वीप समूह
D. प्रतास द्वीप समूह

**169. 'रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) केवल तीन सेवाओं थल सेना, नौसेना और वायु सेना के लिये नई नीतियों और पूंजी अधिग्रहण पर निर्णय लेने के लिये रक्षा मंत्रालय में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है।
2. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ इस परिषद का अध्यक्ष होता है।
3. इसका गठन वर्ष 2001 में कारगिल युद्ध (1999) के बाद 'राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली में सुधार' पर मंत्रियों के समूह की सिफारिशों के बाद किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**170. 'विश्व निवेश रिपोर्ट, 2023' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रिपोर्ट व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा जारी की गई है।
2. भारत और आसियान क्रमशः 10 और 5% की वृद्धि के साथ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के सबसे उत्साही प्राप्तकर्त्ता थे।
3. नवीकरणीय ऊर्जा में अंतर्राष्ट्रीय निवेश में अधिकांश वृद्धि विकासशील देशों में हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**171. मुख्यमंत्री के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में मुख्यमंत्री के चयन एवं नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है।
2. राज्यपाल आमतौर पर विधानसभा में सबसे बड़े दल या गठबंधन के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करते हैं और उनसे एक महीने के भीतर सदन में विश्वास मत हासिल करने के लिये कहते हैं।
3. जो व्यक्ति राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं है उसे मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**172. 'गिग श्रमिक' (Gig Workers) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गिग श्रमिकों को मोटे तौर पर प्लेटफॉर्म और गैर-प्लेटफॉर्म-आधारित श्रमिकों में वर्गीकृत किया जा सकता है।
2. प्लेटफॉर्म श्रमिक वे गिग श्रमिक होते हैं जिनका कार्य ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ऐप अथवा डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे फ़ूड एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म ज़ोमैटो, स्विगी, ओला और अन्य पर आधारित होता है।
3. गैर-प्लेटफॉर्म श्रमिक आमतौर पर पारंपरिक क्षेत्रों में आकस्मिक वेतन और स्वयं-खाते वाले कर्मचारी होते हैं जो अंशकालिक या पूर्णकालिक होते हैं।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**173. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. असम राइफल्स (AR)
2. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF)
3. सीमा सुरक्षा बल (BSF)
4. सशस्त्र सीमा बल (SSB)

**उपर्युक्त में से कितने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ( CAPF ) के अंतर्गत आते हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**174. 'भारतीय निर्वाचन आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों (EC) के पास समान शक्तियाँ होती हैं तथा उन्हें समान वेतन एवं भत्ते प्रदान किये जाते हैं।
2. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों द्वारा साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव के आधार पर हटाया जा सकता है।
3. संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों की योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**175. संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का प्रावधान भारत सरकार अधिनियम, 1935 से लिया गया है।
2. संविधान में राष्ट्रपति को "विधेयक पर विचार-विमर्श एवं मतदान के उद्देश्य से" दोनों सदनों का संयुक्त सत्र बुलाने का अधिकार प्रदान किया गया है।
3. राज्यसभा का सभापति संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है तथा उसकी अनुपस्थिति की स्थिति में लोकसभा अध्यक्ष यह भूमिका निभाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**176. निम्नलिखित अनुशंसाओं पर विचार कीजिये:**

1. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व
2. लचीले लोकायुक्त एवं लोक अदालत
3. ज़िलों को सीधे धनराशि प्राप्त होनी चाहिये
4. योजना के लिये मशीनरी

**उपर्युक्त में से कितनी अनुशंसाएँ द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा नहीं दी गई थीं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**177. 'राज्यपाल की शक्ति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान, राज्यपाल को राज्य विधान सभा को बुलाने, भंग करने एवं सत्रावसान करने का अधिकार देता है।
2. नबाम रेबिया एवं बामांग फेलिक्स बनाम डिप्टी स्पीकर मामले (2017) में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि सदन को बुलाने की शक्ति पूरी तरह से राज्यपाल में निहित है तथा इसका प्रयोग मंत्रिपरिषद की सहायता एवं सलाह पर नहीं बल्कि अपने विवेक से किया जाना चाहिये।
3. संविधान राज्यपाल की किसी भी विवेकाधीन शक्ति को केवल उन मामलों तक सीमित करता है जहाँ संविधान स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करता है कि राज्यपाल को अपने विवेक से कार्य करना चाहिये और इसे स्वतंत्र रूप से लागू करना चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**178. मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बढ़ा हुआ सरकारी खर्च जनता के हाथों में अतिरिक्त धनराशि डालता है, जिसके परिणामस्वरूप माँग बढ़ती है और बाद में कीमतें बढ़ती हैं, जिससे लागत वृद्धि मुद्रास्फीति को बढ़ावा मिलता है।
2. सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क जैसे अप्रत्यक्ष करों में बढ़ोतरी से उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे संभावित रूप से डिमांड पुल मुद्रास्फीति बढ़ जाती है।
3. जब मूल्य वृद्धि की दर क्रमिक और मामूली होती है, तो इसे बढ़ती मुद्रास्फीति कहा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**179. 'जर्मेनियम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक चमकदार, कठोर, चाँदी-सफेद अर्द्ध-धातु है जिसकी क्रिस्टल संरचना हीरे के समान होती है।
2. इसका उपयोग आमतौर पर फाइबर-ऑप्टिक केबल और इन्फ्रारेड इमेजिंग उपकरणों में किया जाता है।
3. इसकी ऊष्मा प्रतिरोध और उच्च ऊर्जा रूपांतरण दक्षता के कारण इसका उपयोग सौर कोशिकाओं में भी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

नोट :

**180. उज्ज्वला 2.0 योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उज्ज्वला 2.0 योजना प्रवासी परिवारों को लक्षित करती है, उन्हें मुफ्त LPG कनेक्शन प्रदान करती है।
2. यह व्यवहार परिवर्तन के महत्वाकांक्षी एजेंडे का हिस्सा है जो वर्ष 2024 तक भारत को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा।
3. उज्ज्वला 2.0 सरकारी कार्यक्रम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि घरों में पाइप वितरण के माध्यम से LPG की पहुँच हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**181. कावेरी जल विवाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कावेरी जल विवाद में केवल चार राज्य शामिल हैं यानी तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक।
2. इसमें यह सिद्धांत शामिल था कि कावेरी नदी पर जलाशय जैसी किसी भी निर्माण गतिविधि के लिये ऊपरी तटवर्ती राज्य को निचले तटवर्ती राज्य की सहमति लेनी होगी।
3. कावेरी का उद्गम, दक्षिण-पश्चिमी कर्नाटक राज्य में पश्चिमी घाट की ब्रह्मगिरि पहाड़ी से होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**182. सिंधु जल संधि ( IWT ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत और पाकिस्तान ने IWT पर हस्ताक्षर किये थे।
2. यह संधि सिंधु नदी और उसकी पाँच सहायक नदियों के जल-बँटवारे की शर्तों को बताती है।
3. भारत को तीन पूर्वी नदियों सतलज, रावी और चिनाब पर नियंत्रण मिल गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**183. 'स्थायी मध्यस्थता न्यायालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अन्तर्शासकीय/अंतर-सरकारी संगठन है जिसका मुख्यालय नीदरलैंड के हेग में है जो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के विवाद समाधान हेतु समर्पित है।
2. इसमें एक वित्तीय सहायता कोष है जिसका उद्देश्य विकासशील देशों को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता में शामिल लागतों का हिस्सा पूरा करने में मदद करना है।
3. इसकी संगठनात्मक संरचना दो भागों में विभक्त है जिसमें प्रशासनिक परिषद एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

## व्याख्या

1.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- सेमीकंडक्टर वे सामग्रियाँ हैं जिनमें कंडक्टर और इंसुलेटर के बीच चालकता होती है। सेमीकंडक्टर वे सामग्रियाँ हैं जिनकी चालकता कंडक्टर से कम और इंसुलेटर से अधिक होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले बोर्ड प्रोडक्शन के लिये उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (Production-Linked Incentive- PLI) योजना शुरू की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- चिप्स टू स्टार्टअप (Chips to Startup- C2S) प्रोग्राम को वेरी-लार्ज-स्केल इंटीग्रेशन (Very-Large-Scale Integration- VLSI) और एंबेडेड सिस्टम डिज़ाइन (Embedded System Design) के क्षेत्र में उच्च-गुणवत्ता तथा योग्य इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया है।
- सेमीकंडक्टर डिज़ाइन में शामिल कम से कम 20 घरेलू कंपनियों को बढ़ावा देने तथा उन्हें अगले 5 वर्षों (वर्ष 2022-27) में ₹1500 करोड़ से अधिक का कारोबार हासिल करने की सुविधा प्रदान करने के लिये डिज़ाइन लिंक्ड इंसेंटिव (Design Linked Incentive- DLI) योजना शुरू की गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

2.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- वर्ष 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, जिसने भारत को एक स्वतंत्र प्रभुत्व के रूप में स्थापित किया, ने अंतरिम संविधान के रूप में भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अस्थायी उपयोग को अधिकृत किया जब तक कि देश ने अपना संविधान नहीं बना लिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने रियासतों को विलय पत्र पर हस्ताक्षर करके भारत में शामिल होने की अनुमति दी। जम्मू और कश्मीर के मामले में, दस्तावेज़ में कुछ शर्तें शामिल थीं जिन्हें बाद में अनुच्छेद 370 में शामिल किया गया था। **अतः कथन 2 सही है। अतः विकल्प A सही है।**

3.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- आकांक्षी जिला कार्यक्रम को वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था जिसका उद्देश्य उन ज़िलों में परिवर्तन लाना है जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रगति दिखाई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग, नीति आयोग द्वारा आरंभ की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह कार्यक्रम मासिक डेल्टा रैंकिंग के माध्यम से ज़िलों के बीच अभिसरण (केंद्रीय और राज्य योजनाओं का), सहयोग (केंद्रीय, राज्य स्तर के नोडल अधिकारियों और ज़िला कलेक्टरों का) और प्रतिस्पर्द्धा की व्यापक रूपरेखा तैयार करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

4.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- लोकुर समिति (1965) के अनुसार, किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में पहचाने जाने के लिये आवश्यक विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-
  - आदिम लक्षणों के संकेत

नोट :

- विशिष्ट संस्कृति
- बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ संपर्क करने में संकोच
- भौगोलिक अलगाव
- पिछड़ापन **अतः विकल्प D सही है।**

**5.**

**उत्तर: B**

**व्याख्याः**

- सी. राजगोपालाचारी ने 15 नवंबर 1939 को संविधान सभा के गठन की मांग की जो वयस्क मताधिकार पर आधारित थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मांग को वर्ष 1940 के अगस्त प्रस्ताव में अंग्रेज़ों द्वारा स्वीकार कर लिया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- विधानसभा के गठन के लिये चुनाव वर्ष 1946 के कैबिनेट मिशन योजना के निर्देशानुसार हुए थे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**6.**

**उत्तर: A**

**व्याख्याः**

- राष्ट्रपति शासन लगाने की राष्ट्रपति की उद्घोषणा न्यायिक समीक्षा के अधीन है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यदि न्यायालय राष्ट्रपति की उद्घोषणा को असंवैधानिक और अमान्य मानती है, तो उसे बर्खास्त राज्य सरकार को बहाल करने की शक्ति प्राप्त है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संसद द्वारा राष्ट्रपति की उद्घोषणा को मंज़ूरी देने के बाद ही राज्य विधानसभा को भंग किया जाना चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्याः**

- निम्नलिखित में से किसी एक श्रेणी से संबंधित वयस्क महिलाएँ पीएम उज्वला योजना के अंतर्गत आते हैं:
  - अनुसूचित जाति का परिवार
  - अनुसूचित जनजाति का परिवार
  - प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)
  - अति पिछड़ा वर्ग
  - अंत्योदय अन्न योजना
  - चाय बागान में कार्यरत और काम छोड़ चुकी जनजातियाँ
  - वनवासी
  - द्वीपों और नदी द्वीपों में रहने वाले लोग
  - SECC परिवार (AHL TIN)
  - 14 सूत्रीय घोषणा के अनुसार गरीब परिवार
- आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिये।
- उसी घर में कोई अन्य LPG कनेक्शन नहीं होना चाहिये। **अतः विकल्प B सही है।**

नोट :

8.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान की छठी अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्यपाल के पास एक नया स्वायत्त ज़िला/क्षेत्र बनाने या क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र या किसी स्वायत्त ज़िले या स्वायत्त क्षेत्र का नाम परिवर्तित करने की शक्ति है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रत्येक स्वायत्त ज़िले (Autonomous District) में एक ज़िला परिषद (District Council) होगी जिसमें तीस से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जिनमें से चार राज्यपाल द्वारा नामित होते हैं जबकि शेष वयस्क मताधिकार के आधार पर चयनित किये जाते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

9.

उत्तर: B

व्याख्या:

- कोयला दहन से उत्सर्जन:
  - सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), जो अम्लीय वर्षा और श्वसन संबंधी बीमारियों में योगदान देता है।
  - नाइट्रोजन ऑक्साइड ($NO_x$), जो स्मॉग और श्वसन संबंधी बीमारियों में योगदान करते हैं।
  - कण, जो स्मॉग, धुंध, श्वसन संबंधी बीमारियों और फेफड़ों की बीमारी में योगदान करते हैं।
  - कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), जो जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस) जलाने से उत्पन्न होने वाली प्राथमिक ग्रीनहाउस गैस (Primary Greenhouse Gas ) है।
  - मरकरी और अन्य भारी धातुएँ, जो मनुष्यों और अन्य जंतुओं में न्यूरोलॉजिकल (Neurological) तथा डेवलपमेंटल/विकासात्मक (Developmental) क्षति दोनों से जुड़ी हुई हैं।
  - फ्लाई ऐश (Fly Ash) और बॉटम ऐश (Bottom Ash), जो विद्युत संयंत्रों द्वारा कोयला दहन पर बनने वाले अवशेष हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (CGA) केंद्र सरकार के लेखांकन मामलों पर प्रधान सलाहकार होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रबंधन लेखा प्रणाली की स्थापना और प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CGA राजकोष नियंत्रण की देखरेख और आंतरिक लेखापरीक्षा आयोजित करने की ज़िम्मेदारी रखता है। **अत: कथन 3 सही है।**

11.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत की संचित निधि से व्यय से जुड़े वित्तीय विधेयकों को पेश करने और पारित करने के मामले में राज्यसभा के पास लोकसभा के समान दर्जा प्राप्त है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्य सभा धन विधेयक में संशोधन अथवा उसे अस्वीकार नहीं कर सकती। उसे 14 दिनों के भीतर विधेयक को सिफारिशों के साथ या बिना सिफारिशों के लोकसभा के पास वापस भेजना अनिवार्य है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- किसी वित्तीय विधेयक (जिसमें केवल अनुच्छेद 110 से संबंधित मामले शामिल नहीं हैं), को केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है, राज्यसभा में नहीं। लेकिन, इसके पारित होने के संबंध में दोनों सदनों के पास समान शक्तियाँ हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

12.

उत्तर: B

व्याख्या:

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) की स्थापना 8 दिसंबर, 1985 को हुई थी। इस संगठन का सचिवालय 17 जनवरी, 1987 को काठमांडू, नेपाल में स्थापित किया गया था। SAARC के आठ सदस्य देश- अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

13.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना वर्ष 2005 में टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिशों के पश्चात् की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, NTCA के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

14.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **राज्यवार टाइगर रिज़र्व:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्के टाइगर रिज़र्व | A. | अरुणाचल प्रदेश |
| 2. | नामेरी टाइगर रिज़र्व | B. | असम |
| 3. | नागरहोल टाइगर रिज़र्व | C. | कर्नाटक |
| 4. | सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व | D. | मध्यप्रदेश अत: विकल्प B सही है। |

15.

उत्तर: A

व्याख्या:

- उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण (CES) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा आयोजित एक पंचवार्षिक (प्रत्येक पाँच वर्ष पर किया जाने वाला) सर्वेक्षण है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह देश भर में शहरी और ग्रामीण दोनों घरों के उपभोग व्यय पैटर्न पर जानकारी एकत्र करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह अर्थव्यवस्था की मांग गतिशीलता के मापन कार्य में मदद करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) एक गैर-संवैधानिक, गैर-वैधानिक, स्वतंत्र निकाय है जो भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये गठित की गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह परिषद भारत सरकार के समक्ष तटस्थ दृष्टिकोण से प्रमुख आर्थिक मुद्दों को उजागर करने का कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नीति आयोग प्रशासनिक, लॉजिस्टिक, योजना और बजट उद्देश्यों के लिये EAC-PM के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

17.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC) की स्थापना रंगराजन आयोग, 2000 की सिफारिशों को स्वीकार करने के कैबिनेट के निर्णय के बाद हुई, जिसने वर्ष 2001 में भारतीय सांख्यिकी प्रणाली की समीक्षा की थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें एक अंशकालिक अध्यक्ष, 4 अंशकालिक सदस्य एवं एक पदेन सदस्य होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास निर्दिष्ट सांख्यिकीय क्षेत्रों में विशेषज्ञता और अनुभव प्राप्त होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत का मुख्य सांख्यिकीविद् आयोग का सचिव होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

18.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- नीति आयोग का गठन सहकारी संघवाद के महत्त्वपूर्ण लक्ष्य को साकार करने के साथ भारत में सुशासन को सक्षम बनाने, मज़बूत राज्यों के निर्माण करने के साथ-साथ एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण भी सहायता प्रदान करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट (NILERD), नीति आयोग से जुड़ा एक केंद्रीय स्वायत्त संगठन है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नीति आयोग एक गैर-संवैधानिक अथवा अतिरिक्त-संवैधानिक निकाय तथा एक गैर-वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 3 सही है।**

19.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- यह अनुसूची दस भारतीय राज्यों में अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्र कहे जाने वाले क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 5वीं अनुसूची के तहत राष्ट्रपति ऐसे किसी भी क्षेत्र या पूरे राज्य को अनुसूचित क्षेत्र घोषित कर सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन के लिये राज्य को निर्देश देने की कार्यकारी शक्तियाँ केंद्र सरकार के पास होती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

20.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- ग्लासगो में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP26) के 26वें सत्र में भारत द्वारा LiFE (पर्यावरण के लिये जीवन शैली) प्रस्तुत किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- मिशन का लक्ष्य प्रचलित "उपयोग और निपटान" अर्थव्यवस्था को एक स्थायी परिपत्र अर्थव्यवस्था के साथ बदलना है, जो नासमझ तथा विनाशकारी उपभोग की विशेषता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मिशन की योजना व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और उसका पोषण करने की है, जिसका नाम 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) है। **अतः कथन 3 सही है।**

21.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- सतत् विकास लक्ष्य (SDG), जिन्हें वैश्विक लक्ष्यों के रूप में भी जाना जाता है, को वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा गरीबी को समाप्त करने, ग्रह की रक्षा करने तथा यह सुनिश्चित करने हेतु सार्वभौमिक आह्वान के रूप में अपनाया गया था कि वर्ष 2030 तक सभी लोग को शांति एवं समृद्धि का सुख प्राप्त हो। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- सभी 17 SDG एकीकृत हैं; वे मानते हैं कि एक क्षेत्र में की गई कार्रवाई अन्य क्षेत्रों के परिणामों को प्रभावित करेगा तथा विकास को सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता को संतुलित करना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि दोनों कथन सही हैं, लेकिन कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है। **अतः विकल्प B सही उत्तर है।**

**22.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इस अधिनियम के तहत 'विशेष न्यायालयों' की स्थापना की गई है जो विशेष रूप से ऐसे अपराधों के मामलों को संवेदनशीलता के साथ हल करेंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम की धारा 45 के तहत केंद्र सरकार को नियम बनाने का अधिकार दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये किसी बच्चे से जुड़ी अश्लील सामग्री संग्रहीत करने के अपराध में 3 वर्ष तक के कारावास की सज़ा अथवा जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) वाशिंगटन संधि, 1949 द्वारा स्थापित एक सैन्य गठबंधन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नाटो अपने सदस्य देशों को गृहयुद्ध या आंतरिक तख्तापलट के संदर्भ में सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- उत्तर मैसेडोनिया को 2020 में, उसके बाद फिनलैंड को 2023 में इसमें शामिल किया गया, इस प्रकार ये सबसे हाल ही में शामिल हुए देश बने। **अतः कथन 3 सही है।**

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि सामान्य सरकारी घाटा वर्ष 2022 में GDP के 3.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 6.3 प्रतिशत हो जाएगा।
- इस वृद्धि का कारण कमज़ोर राजस्व, उच्च ब्याज दायित्व तथा अधिक व्यय है। **अतः कथन 2 सही है।**

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने एंटी-डोपिंग नियम अपनाए हैं जो विश्व एंटी-डोपिंग कोड के पूर्ण अनुरूप हैं। अतः कथन 1 सही है।
- नए विवाद समाधान विनियमों के पूरक के रूप में अनुशासनात्मक आयुक्त (DC) की ज़िम्मेदारियाँ कानून में निर्धारित की गई हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) का मानना है कि लिंग के आधार पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में भेदभाव अस्वीकार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

**26.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यह किसी देश या संप्रभु इकाई की साख (Creditworthiness) का एक स्वतंत्र मूल्यांकन है। अतः कथन 1 सही है।
- साख, सरकार की बिना चूक के अपना ऋण चुकाने की क्षमता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग निवेशकों को राजनीतिक जोखिमों सहित किसी दिये गए देश के ऋण उपकरणों (जैसे बॉण्ड) में निवेश से जुड़े जोखिम के स्तर की जानकारी दे सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

27.

उत्तर: B

व्याख्या:

- NCT दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2021 मूल रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल को अधिक शक्ति प्रदान करता है और निर्वाचित सरकार की शक्तियों को कम करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके अनुसार दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियमित किसी भी कानून में उल्लिखित 'सरकार' शब्द का अर्थ उपराज्यपाल होगा। इस अधिनियम में उपराज्यपाल को "सरकार" के रूप में वर्णित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह अधिनियम उन मामलों में भी उपराज्यपाल को विवेकाधीन शक्तियाँ प्रदान करता है जिसमें विधान सभा को कानून बनाने का अधिकार है। **अत: कथन 3 सही है।**

28.

उत्तर: A

व्याख्या:

- एक अध्यादेश संसद के अधिनियम के समान ही संवैधानिक सीमा के अधीन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संसद के अवकाश के दौरान राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गए प्रत्येक अध्यादेश को संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखा जाना आवश्यक नहीं है, जब वह समान हो। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि अध्यादेश को दोनों सदनों से मंज़ूरी मिल जाती है, तभी वह अधिनियम बनता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ग्रीनवॉशिंग, किसी कंपनी के उत्पाद पर्यावरण की दृष्टि से कितने अच्छे हैं, इसके बारे में गलत धारणा अथवा भ्रामक जानकारी देने की प्रक्रिया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ग्रीनवॉशिंग तब हो सकती है जब कोई कंपनी पर्यावरणीय रूप से हानिकारक प्रथाओं में कंपनी की भागीदारी को कम करने के लिये किसी उत्पाद के सतत विकास पहलुओं पर बल देने का प्रयास करती है। अत: कथन 2 सही है। **अत: विकल्प A सही है।**

30.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ग्राम पंचायतों को संगठित करना और उन्हें स्वशासन (अनुच्छेद 40) की इकाइयों के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिये आवश्यक शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करना गांधीवादी सिद्धांत पर आधारित एक राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (DPSP) है। **अत:, कथन 1 सही है।**
- संविधान का अनुच्छेद 48 के अनुसार कृषि और पशुपालन को आधुनिक एवं वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थित करना उदार-बौद्धिक सिद्धांतों पर आधारित DPSP है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान का अनुच्छेद 48-A के अनुसार पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना तथा वनों एवं वन्यजीवों की रक्षा करना उदार-बौद्धिक सिद्धांतों पर आधारित DPSP है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

- टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (TED) डिज़ाइन को राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय प्रशासन(NOAA) की तकनीकी सहायता से अंतिम रूप दिया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

- टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस, जिन्हें आमतौर पर TED कहा जाता है, समुद्री कछुओं और ट्रॉल मछली पकड़ने के गियर के बीच परस्पर क्रिया को संबोधित करके समुद्री कछुए संरक्षण को बढ़ावा देते हैं। ये उपकरण धातु और जाल से बने होते हैं जो ट्रॉल नेट की गर्दन के अंदर फिट हो जाते हैं।
- इसका उद्देश्य बकाया बाज़ार पहुँच मुद्दों को हल करके दोनों देशों को ठोस लाभ पहुँचाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके पाँच फोकस समूह हैं यानी कृषि, निवेश, नवाचार और रचनात्मकता (बौद्धिक संपदा अधिकार), सेवाएँ, एवं टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएँ हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**32.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

- उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में महिला नामांकन वर्ष 2019-20 के 45% की तुलना में बढ़कर वर्ष 2020-21 में 49% हो गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- दिव्यांगजनों की श्रेणी में छात्रों की संख्या वर्ष 2019-20 के 92,831 से घटकर वर्ष 2020-21 में 79,035 हो गई। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उच्च शिक्षा के लिये नामांकन कराने वाले मुस्लिम छात्रों का अनुपात वर्ष 2019-20 के 5.5% से घटकर वर्ष 2020-21 में 4.6% हो गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**33.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता का प्रश्न राज्यसभा के मामले में सभापति और लोकसभा के मामले में अध्यक्ष द्वारा तय किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1992 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि दलबदल कानून के तहत अयोग्यता के संबंध में सभापति/अध्यक्ष का निर्णय न्यायिक समीक्षा के अधीन है।
    - किहोटो होलोहन मामले (1992) में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि पीठासीन अधिकारी का निर्णय अंतिम नहीं है और उस पर किसी भी न्यायालय में सवाल उठाया जा सकता है। यह दुर्भावना, विकृति आदि के आधार पर न्यायिक समीक्षा के अधीन है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि कोई मनोनीत सदस्य छह महीने की समाप्ति के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है तो वह अयोग्यता के अधीन होगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मंत्रिपरिषद (Council of Ministers-CoM) तब तक पद पर बनी रहती है जब तक उसे लोकसभा के अधिकांश सदस्यों का विश्वास प्राप्त होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अविश्वास प्रस्ताव तभी स्वीकार किया जा सकता है जब सदन में कम-से-कम 50 सदस्य प्रस्ताव का समर्थन करें। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - प्रस्तावक वे होते हैं जो किसी प्रस्ताव को रखते हैं और समर्थक वे होते हैं जो प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। अविश्वास प्रस्ताव में नहीं बल्कि राष्ट्रपति चुनाव में 50 प्रस्तावकों और 50 अनुमोदकों की आवश्यकता होती है।
- भारतीय संविधान में विश्वास या अविश्वास प्रस्ताव का उल्लेख नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वित्त आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पाँचवें वर्ष अथवा उससे भी पहले, जब वह आवश्यक समझे, किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशें केवल सलाहकारी प्रकृति की हैं और इसलिये सरकार पर बाध्यकारी नहीं हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

36.

उत्तर: A

व्याख्या:

- सरकार की विधायी, कार्यकारी और न्यायिक शक्तियाँ अलग हैं और ये सरकार के तीन स्वतंत्र अंगों में निहित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण संविधान के मूल ढाँचा का आधार है। **अत:, कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1973 के केशवानंद भारती मामले ने शक्तियों के पृथक्करण को संविधान की मूल संरचना के रूप में स्थापित किया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस विश्व बैंक समूह द्वारा निश्चित मापदंडों के आधार पर देशों की रैंकिंग प्रदान करने के लिये प्रकाशित की गई एक रिपोर्ट है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका आकलन करने के लिये विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के प्रदर्शन (डिस्टेंस टू फ्रंटियर) स्कोर को समेकित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस रैंकिंग का उद्देश्य निवेशकों के लिये एक संदर्भ स्वरूप काम करना, उनके निर्णयों और गतिविधियों को मार्गदर्शित करना है। इस प्रकार इस रिपोर्ट में उच्च रैंकिंग अधिक अनुकूलता को दर्शाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रपति की सहमति के बाद विनियोग विधेयक विनियोग अधिनियम बन जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विनियोग विधेयक के लागू होने तक सरकार भारत की संचित निधि से पैसा नहीं निकाल सकती। **अत: कथन 2 सही है।**
- विनियोग विधेयक को संसद के किसी भी सदन में इस प्रकार संशोधित नहीं किया जा सकता है जिससे आवंटित राशि में किसी प्रकार का बदलाव हो। **अत: कथन 3 सही है।**

39.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस की दस विशेषताएँ हैं, साथ ही अनुसंधान 190 देशों की अर्थव्यवस्थाओं को कवर करता है, व्यवसाय विनियमन के दस डोमेन से डेटा प्राप्त करता है।
  - कोई व्यवसाय प्रारंभ करना
  - निर्माण कार्य की अनुमति से संबंधित

- संपत्ति का पंजीकरण
- अल्पसंख्यक निवेशकों की सुरक्षा
- सीमा पार व्यापार
- दिवालियेपन का समाधान
- ऋण प्राप्त करना
- अनुबंध लागू करना
- विद्युत की प्राप्ति
- करों का भुगतान **अत: विकल्प D सही है।**

**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) निवारण अधिनियम, 2002 के अनुसार भारत में मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी को 3 से 7 वर्ष के बीच सख्त कारावास की सज़ा का प्रावधान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) निवारण अधिनियम सरकार को अवैध तरीकों से मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से अर्जित संपत्ति को ज़ब्त करने का अधिकार प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**41.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एक स्वतंत्र नियामक, भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) की स्थापना, राघवन समिति की रिपोर्ट की एक प्रमुख अनुशंसा थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो वैधानिक अधिकारियों को राय देता है और अन्य मामलों से भी निपटता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**42.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गुर्दे लाल भूरे, सेम के आकार की संरचनाएँ होती हैं जो उदर गुहा की पृष्ठीय आंतरिक भित्ति के निकट अंतिम वक्ष और तृतीय काष्ठ कशेरुक स्तर के बीच स्थित होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- नेफ्रॉन, गुर्दे की कार्यात्मक इकाई है,जो रुधिर शोधन करने और मूत्र के उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वृक्क कोशिका एवं वृक्क नलिकाएँ, गुर्दे में पाए जाने वाले नेफ्रॉन के भाग हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अतिचालकता से आशय उस स्थिति से है जब कोई पदार्थ बिना किसी प्रतिरोध के विद्युत धारा को प्रवाहित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- पारे की अतिचालकता को बार्डीन-कूपर-श्राइफ़र (Bardeen-Cooper-Schrieffer- BCS) सिद्धांत द्वारा समझा जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- सामान्य सुपरकंडक्टर्स वायुमंडलीय दबाव पर कार्य करते हैं, लेकिन बहुत कम तापमान पर रखे जाने पर ही वे केवल सुपरकंडक्टिंग गुण प्रदर्शित कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**44.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा किया जाने वाला एक सर्वेक्षण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के व्यय प्रणाली पर डेटा एकत्रित करने के लिये प्रत्येक पाँच वर्ष में एक बार सर्वेक्षण आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस सर्वेक्षण में खाद्य और गैर-खाद्य दोनों वस्तुओं पर व्यय शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**45.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कोयले के प्रकार पीट, लिग्नाइट, बिटुमिनस और एन्थ्रेसाइट हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- कोयले का वर्गीकरण कार्बन, राख और नमी की मात्रा पर निर्भर करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- धीमी ज्वलन, न्यूनतम ऊष्मा हानि और उच्च दक्षता एन्थ्रेसाइट कोयले की विशेषता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**46.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार द्वारा "भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवज़ा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" जिसे भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013, के रूप में भी जाना जाता है, अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- मौद्रिक मुआवजे के अतिरिक्त, इस अधिनियम के तहत पुनर्वास और पुनर्स्थापना पैकेज में रोज़गार के प्रावधान, वैकल्पिक आवास स्थानों का आवंटन, भूमि का एक खंड तथा अन्य अधिकार भी शामिल हैं। इसके घटकों के संदर्भ में यह इसे अधिक व्यापक पैकेज बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कथन-II अधिनियम में दिया गया पुनर्वास और पुनर्स्थापना पैकेज कथन-I से संबंधित है।

**47.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्वाड सदस्य: भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान।
- दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के सदस्य: ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।
- AUKUS सदस्य: ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य: चीन, भारत, कज़ाकस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताज़िकिस्तान और उज्बेकिस्तान। **अतः विकल्प B सही है।**

**48.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 'सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 में प्रावधान है कि मुख्य सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिये पद पर रहेंगे। अतः कथन 1 सही है।

- मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त का वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएंगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्य सूचना आयुक्त का वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएंगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**49.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR) डेटा संरक्षण एवं गोपनीयता पर यूरोपीय संघ कानून में एक विनियमन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रौद्योगिकी और इंटरनेट से संबंधित पारित सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और व्यापक कानूनों में से एक है।
- यह विनियमन केवल यूरोपीय संघ और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र पर लागू है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे वर्ष 2016 में यूरोपीय संघ द्वारा अनुमोदित किया गया था और वर्ष 2018 में लागू हुआ।
- ऐसे व्यक्ति जो अपना व्यक्तिगत डेटा मिटाना चाहते हैं, बशर्ते कि उनके पास इसे रखने का कोई वैध कारण न हो, उन्हें GDPR (मिटाने का अधिकार) के तहत अतिरिक्त अधिकार प्रदान किये जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**50.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पंचायतों से संबंधित संविधान के भाग IX के प्रावधान पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों (Fifth Schedule Areas) पर लागू नहीं होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्यपाल को पाँचवीं अनुसूची और छठी अनुसूची दोनों के तहत अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में राष्ट्रपति को वार्षिक या जब भी राष्ट्रपति द्वारा आवश्यक हो, एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान के अनुसार राष्ट्रपति को राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण पर रिपोर्ट देने के लिये एक आयोग नियुक्त करना अनिवार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ऐसा लगता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध के आसपास की भू-राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों तथा उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूरोपीय संघ द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण, भारत व रूस दोनों को पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेनदेन करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन चुनौतियों के जवाब में उन्होंने दोनों देशों के बीच भुगतान निपटाने के वैकल्पिक साधन के रूप में भारतीय रुपए का उपयोग करने का विकल्प चुना है। अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करके, भारत और रूस अमेरिकी डॉलर या यूरो जैसी विदेशी मुद्राओं पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। इससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक वित्तीय बाज़ारों में अस्थिरता एवं संभावित व्यवधानों से बचाने में मदद मिल सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**52.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चक्रवात बिपरजॉय दक्षिण-पूर्व अरब सागर में विकसित हुआ। चक्रवात बिपरजॉय वर्ष 2023 में अरब सागर में पहला चक्रवात था, जो काफी तीव्र गति से एक चक्रवाती परिसंचरण से बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया। **अतः विकल्प B सही है।**

नोट :

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- PVTGs की स्थापना वर्ष 1973 में ढेबर आयोग की सिफारिशों के आधार पर एक विशिष्ट प्रकार के जनजातीय समूह के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- PVTGs की पहचान भारत के कम विकसित क्षेत्रों में रहने वाले सबसे कमज़ोर निवासियों के रूप में की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सहरिता, PVTGs का एक समूह है जो सर्वाधिक अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करता है जबकि सेंटिनलेट्स और अंडमानीज़ की आबादी बहुत कम है। **अतः कथन 3 सही है।**

**54.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- चिप्स अधिनियम, 2022 अमेरिका में चिप्स बनाने वाली कंपनियों को सब्सिडी और अतिरिक्त टैक्स क्रेडिट प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली सेमीकंडक्टर कंपनियों को अगले 10 वर्षों के लिये चीन में उच्च तकनीकी केंद्र बनाने से रोक दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस विधेयक का उपयोग कंपनियाँ विश्व स्तर पर विस्तार करने के लिये कर सकती हैं और भारत उनके लिये एक अच्छा विकल्प होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**55.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की स्थापना वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे विभिन्न वर्गों के बीच शांति में सुधार लाने और श्रमिकों के सभ्य कार्य और न्याय के लिये वर्ष 1969 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला। **अतः कथन 2 सही है।**
- शासी निकाय ILO की कार्यकारी परिषद है जिसकी वर्ष में तीन बार जिनेवा में बैठक होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**56.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चंपारण सत्याग्रह (1917):
  - यह स्वतंत्रता संग्राम में गांधीजी द्वारा किया गया पहला सविनय अवज्ञा आंदोलन था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - नील की खेती करने वाले राजकुमार शुक्ल ने चंपारण सत्याग्रह (1917) की पहल की, महात्मा गांधी बिहार के चंपारण गए और वहाँ के किसानों की स्थिति की जानकारी ली। **अतः कथन 2 सही है।**
- खेड़ा सत्याग्रह (1918):
  - वर्ष 1918 गुजरात के खेड़ा ज़िले में सूखे के कारण काफी फसल बर्बाद हुए थे।
  - इसके मुख्य कारण था कि किसानों का मानना था कि यदि उपज सामान्य उत्पादन के एक चौथाई से कम हुई हो तो उन्हें छूट मिलनी चाहिये। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - सरकार ने भू-राजस्व के भुगतान में किसी भी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया था।

**57.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जेद्दा वार्ता का उद्देश्य यूक्रेन के साथ रूस के संघर्ष को समाप्त करने के लिये बातचीत शुरू करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर इस शांति वार्ता की मेज़बानी सऊदी अरब ने की थी, **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यूक्रेन की ओर से संघर्ष खत्म करने और शांति बनाए रखने के लिये 10 सूत्रीय शांति प्रस्ताव रखे गए हैं।, **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**58.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- शिक्षा संस्थानों को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (National Institutional Ranking Framework- NIRF) के तहत 5 अलग-अलग मापदंडों के अनुसार रैंक किया गया है, जो नीचे सूचीबद्ध हैं:
  - शिक्षण, सीखना और संसाधन (Teaching, Learning & Resources): यह पैरामीटर शिक्षा संस्थानों में मुख्य गतिविधियों की जाँच करता है।
  - अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (Research and Professional Practice): शिक्षण और सीखने में उत्कृष्टता का छात्रवृत्ति से गहरा संबंध है।
  - स्नातक परिणाम (Graduation Outcome): सीखने/मुख्य शिक्षण की प्रभावशीलता का परीक्षण करता है।
  - आउटरीच और विशिष्टता (Outreach & Exclusivity): महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर विशेष ज़ोर देता है।
  - धारणा (Perception): किसी संस्था की धारणा को भी महत्त्व दिया जाता है।

**59.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) में कृषि और संबद्ध क्षेत्र नामक एक नया विषय पेश किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 10 श्रेणियों और 5 मापदंडों के आधार पर NIRF रैंकिंग की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आउटरीच और विशिष्टता NIRF में माने जाने वाले 5 मापदंडों में से एक है। **अत: कथन 3 सही है।**

**60.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पेट्रोलियम एक तरल मिश्रण है जिसका उपयोग गैसोलीन और कई अन्य उत्पाद बनाने के लिये किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत के अधिकांश तेल भंडार तृतीयक तलछटी चट्टान संरचनाओं में एंटीक्लाइन और भ्रंश ट्रैप में पाई जाती हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- पेट्रोलियम मृत पौधों और जानवरों के अवशेषों से बनता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**61.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- NCRB देश में अपराध के पैटर्न और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित आँकड़े और अंतर्दृष्टि प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह देश भर से अपराध-संबंधी आँकड़ों के लिये एक केंद्रीय भंडार के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- NCRB को 'ऑनलाइन साइबर-अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' के तकनीकी और परिचालन कार्यों के प्रबंधन के लिये केंद्रीय नोडल एजेंसी/केंद्रक अभिकरण के रूप में नामित किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

62.

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्लस्टर युद्ध सामग्री हवा से गिराए जाने वाले अथवा सतह से छोड़े जाने वाले विस्फोटक हथियारों का एक रूप है जो एक विस्तृत क्षेत्र पर बमबारी करने में सक्षम होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्लस्टर युद्ध सामग्री रासायनिक अथवा जैविक अभिकारकों, लैंड माइंस अथवा लीफलेट को नष्ट कर सकती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक नए सैन्य सहायता पैकेज के हिस्से के रूप में यूक्रेन को क्लस्टर हथियार प्रदान करने का निर्णय लिया है। **अतः कथन 3 सही है।**

63.

उत्तर: A

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य टीबी रोगियों के उपचार परिणामों में सुधार के लिये अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नि-क्षय मित्र पहल, इस अभियान का एक घटक है, यह टीबी का इलाज करा रहे लोगों को अतिरिक्त नैदानिक, पोषण संबंधी और व्यावसायिक सहायता सुनिश्चित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियाँ इसे लाभान्वित करती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

64.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नकद आरक्षी अनुपात कुल जमा का एक विशिष्ट हिस्सा है जो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के आदेश के साथ वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रखा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में नकद आरक्षित अनुपात का निर्धारण मौद्रिक नीति समिति (MPC) द्वारा आवधिक मौद्रिक और ऋण नीति के तहत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नकद आरक्षी अनुपात (CRR) को कम करने से सीधे बैंकिंग प्रणाली के भीतर तरलता में वृद्धि होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

65.

उत्तर: B

व्याख्या:

- टमाटर फाइटोकेमिकल लाइकोपीन और विटामिन-सी का अच्छा स्रोत हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- टमाटर सोलानेसी या नाइटशेड परिवार से संबंधित हैं, जिसमें मिर्च, आलू और बैंगन भी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- लाइकोपीन वर्णक की उपस्थिति के कारण टमाटर लाल रंग का दिखाई देता है लेकिन प्रारंभिक अवस्था में टमाटर हरा रंग का दिखाई देता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

66.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) के गवर्नर की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- RBI के मुख्य कार्यकारी के रूप में गवर्नर को RBI अधिनियम द्वारा महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- RBI का गवर्नर इसके RBI के केंद्रीय निदेशक मंडल का पदेन अध्यक्ष होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**67.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत में बाघों की जनगणना मुख्य रूप से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा आयोजित की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिश पर स्थापित एक वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NTCA, प्रोजेक्ट टाइगर तथा भारत के कई टाइगर रिजर्व का प्रभारी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**68.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अनुसार गैर-वन उद्देश्यों के लिये वनों के उपयोग पर प्रतिबंध।
  - वन संरक्षण अधिनियम, 1980 की धारा 2 गैर-वन उद्देश्यों के लिये वन भूमि के उपयोग को प्रतिबंधित करती है।
    - चाय
    - कॉफी
    - मसाले
    - रबड़
    - ताड़
    - आयल-बियरिंग
    - औषधीय पौधे **अतः विकल्प D सही है।**

**69.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संजय-दुबरी टाइगर रिज़र्व मध्य प्रदेश के सीधी ज़िले में स्थित है।
- संजय-दुबरी टाइगर रिज़र्व में संजय राष्ट्रीय उद्यान और दुबरी अभयारण्य शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- संजय-दुबरी टाइगर रिज़र्व बांधवगढ़ और पलामू टाइगर रिज़र्व को जोड़ने वाला एक वन्यजीव गलियारा बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बनास, गोपद और मवई नदियाँ संजय-दुबरी टाइगर रिज़र्व से होकर गुजरती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**70.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार को वन संरक्षण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये एक सलाहकार समिति स्थापित करने का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से यह कानून सभी क्षेत्रों पर लागू हो गया है, इस प्रकार वन संरक्षण अधिनियम, 1980 जम्मू और कश्मीर पर भी लागू होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- यह अधिनियम राज्य सरकारों एवं अन्य प्राधिकरणों पर सीमाएँ लगाता है, जिससे उन्हें निर्णय लेने से पूर्व केंद्र सरकार से अनुमति लेने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**71.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आपातकालीन प्रावधान भारत के संविधान, के भाग XVIII में अनुच्छेद 352 से 360 तक निहित हैं। ये प्रावधान केंद्र सरकार को किसी भी असामान्य स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाते हैं।
- संविधान तीन प्रकार के आपातकाल निर्धारित करता है-
  - राष्ट्रीय आपातकाल
  - संवैधानिक आपातकाल
  - वित्तीय आपातकाल
- यह संविधान में औपचारिक संशोधन के बिना संघीय ढाँचें को एकात्मक ढाँचे में बदल देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 44वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1978 ने 'आंतरिक अशांति' के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द को प्रतिस्थापित कर दिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रपति कैबिनेट से लिखित अनुशंसा प्राप्त करने के बाद ही राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**72.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1919 के भारत सरकार अधिनियम ने पहली बार प्रांतीय बजट को केंद्रीय बजट से अलग किया और प्रांतीय विधायिकाओं को अपना बजट अधिनियमित करने के लिये अधिकृत किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1924 में एक्वर्थ कमेटी रिपोर्ट [Acworth Committee Report (1921)] की सिफारिशों पर रेलवे बजट को आम बजट से अलग कर दिया गया। अतः कथन 2 सही है।
- भारत सरकार ने 21 सितंबर, 2016 को रेलवे बजट को आम बजट में विलय की मंज़ूरी दे दी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**73.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या :**

- सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) के अनुसार, श्रम बल में वे लोग शामिल हैं जो 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं, नियोजित या बेरोज़गार हैं लेकिन काम करने के इच्छुक हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की LFPR कम होने का मुख्य कारण महिला LFPR का अत्यंत निम्न स्तर है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में, श्रम बल भागीदारी दर ( LFPR) में पिछले एक दशक (खासकर वर्ष 2016 से 2021 तक के वर्षों के दौरान) में गिरावट देखी गई है। **अतः कथन 2 सही है।**

**74.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO) का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति को विनियमित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मात्रात्मक उपकरणों में से एक है जिसका उपयोग RBI वर्ष के दौरान तरलता की स्थिति को सुचारू बनाने तथा ब्याज दर एवं मुद्रास्फीति दर के स्तर पर इसके प्रभाव को कम करने के लिये करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**नोट :**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से खुला बाज़ार संचालन करता है साथ ही यह प्रत्यक्ष तौर पर जनता से संबंधित नहीं है। **अतः कथन 3 सही है।**

**75.**

**उत्तरः A**

- यह एक गैर जमानती अपराध है,धारा 124A के अंतर्गत कारावास तीन वर्ष तक से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, जिसमें जुर्माना भी जोड़ा जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू तथा भगत सिंह जैसे प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों द्वारा राजद्रोह कानून के माध्यम से दोषी ठहराया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य मामले वर्ष 1962 में सर्वोच्च न्यायालय ने राजद्रोह को अव्यवस्था उत्पन्न करने अथवा हिंसा भड़काने के उद्देश्य से किये गए कृत्यों तक सीमित कर दिया। **अतः कथन 3 सही है।**

**76.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- मुख्य चुनाव आयुक्त को कार्यकाल की सुरक्षा प्रदान की जाती है। उसे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अपदस्थ करने के समान तरीके और समान आधारों के अतिरिक्त उनके पद से नहीं हटाया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों के कार्यकाल के विषय में कुछ विशिष्ट जानकारी नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान सरकार को किसी सेवानिवृत्त चुनाव आयुक्त को आगे किसी भी प्रकार की नियुक्ति करने से प्रतिबंधित नहीं करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**77.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- देश में चुनावी प्रणाली की जाँच करने और सुधारों हेतु सुझाव देने के लिये भारत में तारकुंडे समिति की स्थापना की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस समिति का नाम इसके अध्यक्ष वी एम तारकुंडे के नाम पर रखा गया था।
- इसका गठन वर्ष 1974 में तत्कालीन सरकार द्वारा चुनावी प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं को दूर करने और इसकी पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा दक्षता में वृद्धि करने के उपायों का प्रस्ताव रखने के उद्देश्य से किया गया था।
- "टुवाड्र्स पॉलिटिकल रिफॉर्म" शीर्षक से इस समिति की रिपोर्ट वर्ष 1975 में प्रस्तुत की गई थी।
- इस रिपोर्ट ने कई प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला और भारत में चुनाव सुधार के लिये विभिन्न सिफारिशें पेश कीं। कुछ महत्त्वपूर्ण सुझावों में निम्नलिखित शामिल हैं:
  - इसने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने की सिफारिश की। **अतः कथन 2 सही है।**
  - निर्वाचन आयोग तीन सदस्यीय निकाय होना चाहिये।
  - टीवी और रेडियो प्रसारण को एक स्वायत्त वैधानिक निकाय के तहत लाया जाना चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

**78.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- भारत सरकार अधिनियम, 1935 भारत में एकीकृत न्यायिक प्रणाली का आधार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्ते का निर्धारण संसद द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को राष्ट्रपति के आदेश द्वारा उनके पद से हटाया जा सकता है। संसद के अभिभाषण के बाद ही राष्ट्रपति निष्कासन का आदेश जारी कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - संसद का अभिभाषण, संसद के प्रत्येक सदन के विशेष बहुमत (अर्थात उस सदन की कुल सदस्यता का बहुमत और उस सदन के उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत) द्वारा समर्थित होता है। ऐसे निष्कासन के लिये संसद के उसी सत्र में राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।
    - सर्वोच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को हटाने से संबंधित प्रक्रिया महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा न्यायाधीश जाँच अधिनियम, 1968 द्वारा विनियमित होती है। निष्कासन के दो आधार होते हैं: सिद्ध कदाचार या अक्षमता।

**79.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) वह है जो कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है जो ऋण और अग्रिम, सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा जारी शेयरों/स्टॉक/बॉण्ड/डिबेंचर/प्रतिभूतियों के अधिग्रहण या अन्य विपणन योग्य प्रतिभूतियों के व्यवसाय में संलग्न है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NBFC के कार्य और संचालन को RBI अधिनियम, 1934 के ढाँचे के अंतर्गत RBI द्वारा विनियमित किया जाता है। इस अधिनियम के अंतर्गत NBFC के लिये खुद को RBI के साथ पंजीकृत कराना अनिवार्य है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन्वेस्टमेंट कंपनी (IC) एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) है जिसका मुख्य कार्य प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय है। **अतः कथन 3 सही है।**

**80.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**


- मौद्रिक नीति का प्राथमिक लक्ष्य विकास को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह नीति संकुचनकारी नीति या विस्तारवादी नीति हो सकती है और राजकोषीय नीति से भिन्न है, जो देश के करों और समग्र खर्चों का प्रबंधन करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मौद्रिक नीति में खुला बाज़ार संचालन, रिज़र्व की आवश्यकताओं अथवा विदेशी मुद्रा व्यापार के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ब्याज़ दरों में बदलाव शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**81.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मेलानेशिया, माइक्रोनेशिया और पोलिनेशिया प्रशांत महासागर में द्वीपों के तीन प्रमुख समूह हैं।
- प्रशांत द्वीप समूह के मूल निवासियों को प्रशांत द्वीप वासी कहा जाता है।
- दक्षिण प्रशांत में स्थित कुक द्वीपसमूह का न्यूज़ीलैंड के साथ राजनीतिक संबंध है और इसमें व्यापक रूप से विस्तारित 15 द्वीप शामिल हैं।
- किरिबाती, आधिकारिक तौर पर किरिबाती गणराज्य, मध्य प्रशांत महासागर में स्थित ओशिनिया के माइक्रोनेशिया उपक्षेत्र में स्थित एक द्वीप राष्ट्र है।
- मार्शल द्वीप हवाई और फिलीपींस के बीच स्थित मध्य प्रशांत महासागर में स्थित ज्वालामुखीय द्वीपों और प्रवाल एटोल के विशाल विस्तार से मिलकर बना हुआ है।
- पलाऊ 500 से अधिक द्वीपों का एक द्वीपसमूह है, यह पश्चिमी प्रशांत महासागर में माइक्रोनेशिया क्षेत्र का हिस्सा है।




अत: विकल्प D सही है।

82.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 में धार्मिक मतभेदों के आधार पर भारतीय राज्य को दो अलग-अलग उपनिवेशों , भारत और पाकिस्तान में विभाजित करने का प्रावधान किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके द्वारा भारत के लिये राज्य सचिव का पद समाप्त कर दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 ने रियासतों को किसी भी उपनिवेश में शामिल होने या स्वतंत्र रहने का अधिकार दिया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

83.

उत्तर: B

व्याख्या:

- चार महाद्वीपों में फैले 57 देशों की सदस्यता के साथ इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) संयुक्त राष्ट्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 1969 में स्थापित इस्लामिक सहयोग संगठन में 57 सदस्य हैं, जिनमें से 56 संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश भी हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- OIC के घोषणापत्र में OIC के वित्तपोषण का कार्य सदस्य राज्यों के योगदान के माध्यम से किये जाने का प्रावधान है। **अत: कथन 3 सही है।**

**84.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल द्वारा वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 जारी किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सूचकांक "किसी व्यक्ति के जीवन को प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में परस्पर जुड़े अभावों को मापता है"। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत कंबोडिया, चीन, कांगो, होंडुरास, इंडोनेशिया, मोरक्को, सर्बिया और वियतनाम सहित उन 25 देशों में शामिल है जिसने 15 वर्षों के भीतर अपने वैश्विक MPI मानों को सफलतापूर्वक आधा कर दिया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**85.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मौलिक कर्त्तव्य:
  - Article 51A. A.: संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों तथा संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अनुच्छेद 51A. (j): व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना ताकि राष्ट्र निरंतर ही विकास और उपलब्धि की ऊँचाईयों को छू सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत:
  - अनुच्छेद 39A: गरीबों को समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता को बढ़ावा देना। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**86.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 23 अर्थात् मानव तस्करी और ज़बरन श्रम का निषेध' व्यक्ति को न केवल राज्य के विरुद्ध, बल्कि निजी व्यक्तियों के विरुद्ध भी सुरक्षा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मानव तस्करी और व्यक्तियों के अनैतिक शोषण से संबंधित गतिविधियों को दंडित करने के लिये संसद द्वारा अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम, 1956 पारित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- सार्वजनिक उद्देश्यों के लिये अनिवार्य सेवाएँ जैसे सशस्त्र बलों में भर्ती असंवैधानिक नहीं हैं साथ ही राज्य अत्यावश्यक परिस्थितियों में इसका उपयोग कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**87.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Authority- NDMA) की स्थापना प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NDMA को उसके कार्यों के निष्पादन में सहायता करने के लिये सचिवों की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (National Executive Committee- NEC) बनाई गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ज़िला मजिस्ट्रेट/ज़िला कलेक्टर/उपायुक्त, ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (District Disaster Management Authority- DDMA) के प्रमुख होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

88.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह लगभग 20-30 वर्ग किमी. के भौगोलिक क्षेत्र में 100 मिमी./घंटा से अधिक अप्रत्याशित वर्षा के साथ एक मौसमी घटना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह आमतौर पर तब होता है जब मानसूनी बादल बंगाल की खाड़ी या अरब सागर से भारतीय उपमहाद्वीप में उत्तर की ओर प्रवाहित होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- बादल फटने की संभावना का सटीक अनुमान लगाने के लिये एक अत्यधिक परिष्कृत रडार नेटवर्क आवश्यक है, लेकिन ऐसे नेटवर्क को लागू करने में महत्त्वपूर्ण लागत आती है। **अतः कथन 3 सही है।**

89.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत का विधि आयोग एक कार्यकारी निकाय है जिसका मुख्य कार्य देश में कानूनी सुधार करना है। इसकी स्थापना सरकार द्वारा एक निश्चित कार्यकाल के लिये की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसने नए कानून बनाने की सिफारिश की जिनकी राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (DPSPs) को लागू करने के लिये आवश्यकता हो सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय दंड संहिता (IPC) का मसौदा वर्ष 1860 में लॉर्ड मैकाले की अध्यक्षता में प्रथम विधि आयोग की सिफारिशों के आधार पर तैयार किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

90.

उत्तर: A

व्याख्या:

- एक अथवा एकाधिक राज्यों और भारत सरकार के बीच उत्पन्न होने वाले विवाद सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वित्त आयोग से संबंधित मामले सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार में नहीं आते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- पूर्व-संवैधानिक समझौते, संधि, प्रतिबद्धता, साझेदारी, या अन्य वचन पत्रों से उत्पन्न कोई भी विवाद सर्वोच्च न्यायालय का अपीलीय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

91.

उत्तर: A

व्याख्या:

- इस अधिनियम ने ब्रिटिश भारतीय प्रांतों और रियासतों के संघ के आधार पर एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- रक्षा और विदेशी मामले संघीय विधायिका के नियंत्रण से बाहर रहेंगे, जबकि वायसराय अन्य विषयों पर विशेष नियंत्रण बनाए रखेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रांतीय स्वायत्तता भारत सरकार अधिनियम (Government of India Act), 1935 में पेश की गई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

92.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- भूमध्यसागरीय जलवायु में ग्रीष्म ऋतु शुष्क रहती है। तापमान अपेक्षाकृत अधिक तथा आसमान साफ होता है, व शीत ऋतु में वर्षा होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भूमध्य सागर के निकट इन स्थानों का अक्षांश 30° और 40° के बीच है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सर्दियों में वर्षा भूमध्यसागरीय क्षेत्र की सबसे प्रमुख विशेषता है। **अत: कथन 3 सही है।**

93.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी लाभार्थी:
  - आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) जिसकी अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 3,00,000 रुपए है।
  - निम्न आय समूह (LIG) जिसकी अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 6,00,000 रुपए है।
  - मध्यम आय समूह (MIG I & II) जिनकी अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 18,00,000 रुपए है।
- लाभार्थी परिवार में पति, पत्नी, अविवाहित पुत्र तथा अविवाहित बेटियाँ शामिल होंगी। **अत: विकल्प A सही है।**

94.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- ग्रामसभा वन भूमि से उनकी आवश्यकताओं की सीमा का आकलन करने के बाद सीमांत और आदिवासी समुदायों पर अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम वन निवास अनुसूचित जनजातियों (Forest Dwelling Scheduled Tribes- FDST) तथा अन्य पारंपरिक वन निवासियों (Other Traditional Forest Dwellers- OTFD) को वन तथा वन भूमि पर अधिकार की अनुमति और मान्यता प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन अधिकारों की मान्यता की प्रक्रिया की निगरानी के लिये राज्य सरकार द्वारा एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

95.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- पश्चिमी विक्षोभ ऐसे तूफान हैं जो कैस्पियन या भूमध्य सागर में उत्पन्न होते हैं, और उत्तर पश्चिम भारत में गैर-मानसूनी वर्षा लाते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- शब्द "अतिरिक्त-उष्णकटिबंधीय तूफान", उष्णकटिबंधीय के बाहर विकसित कम दबाव वाले क्षेत्रों को संदर्भित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यूक्रेन और पड़ोसी देशों जैसे क्षेत्रों पर प्रदर्शित एक उच्च दबाव क्षेत्र ध्रुवीय क्षेत्रों से उच्च नमी वाले अपेक्षाकृत गर्म हवा के क्षेत्र की ओर ठंडी हवा के अतिक्रमण का कारण बनता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

96.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

| | |
|---|---|
| 1. सस्थमकोट्टा झील | A. केरल |
| 2. सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान | B. हरियाणा |
| 3. चंद्रताल | C. हिमाचल प्रदेश |
| 4. लोनार झील | D. महाराष्ट्र |

**अत: विकल्प B सही है।**

97.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ऊर्जा मंत्रालय (Ministry of Power- MoP) ने वर्ष 2017 में कोयला लिंकेज नीति (Coal Linkage Policy) को मंज़ूरी दे दी, जिसे शक्ति (SHAKTI- भारत में कोयला को पारदर्शी रूप से उपयोग और आवंटित करने की योजना) के नाम से जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह नीति उन विद्युत संयंत्रों को कोयला लिंकेज प्रदान करती है जिनमें कोयला नीलामी के माध्यम से ईंधन आपूर्ति समझौते (Fuel Supply Agreement- FSA) की कमी है। **अत: कथन 2 सही है।**

98.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 0-6 वर्ष की आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ इस योजना के तहत लाभार्थी के अंतर्गत आती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें छह सेवाएँ प्रदान की जाती हैं; पूरक पोषण, प्री-स्कूल गैर-औपचारिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच तथा रेफरल सेवाएँ। **अत: कथन 2 सही है।**
- टेक होम राशन , गर्म पका हुआ भोजन और सुबह का नाश्ता पूरक पोषण का हिस्सा है और यह योजना अनेकों कमज़ोर परिवारों के लिये काफी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसका बच्चों के पोषण पर प्रभाव पड़ता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

99.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्वकर्मा योजना, जिसका उद्देश्य विभिन्न समुदायों, विशेषकर अन्य पिछड़ा वर्ग (OBCs) से संबंधित कारीगरों एवं शिल्पकारों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता, बाज़ार संपर्क, सामाजिक सुरक्षा तथा सशक्तीकरण प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें कपड़ा, चमड़ा, धातु, लकड़ी, मिट्टी, पत्थर, बाँस, बेंत, कागज़, काँच आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के कारीगरों एवं शिल्पकारों को शामिल किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह योजना कारीगरों तथा शिल्पकारों को ऋण, अनुदान, सब्सिडी, ब्याज छूट आदि के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

100.

**उत्तर: c**

**व्याख्या:**

- जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अधिनियमन के बाद से भारत में जन्म और मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है और यह जन्म तथा मृत्यु के स्थान के अनुसार किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के अनुसार, जन्म और मृत्यु का पंजीकरण करना राज्य की ज़िम्मेदारी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राज्यों द्वारा नियुक्त मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा एक राज्य-स्तरीय डेटाबेस तैयार किया जाएगा और इसे भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा तैयार किये गए राष्ट्रीय स्तर के डेटा के साथ एकीकृत किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

101.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- न्यायिक समीक्षा (Judicial Review) केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के विधायी अधिनियमों और कार्यकारी आदेशों की संवैधानिकता की जाँच करने की न्यायपालिका की शक्ति है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2014 का 99वाँ संवैधानिक संशोधन तथा वर्ष 2014 का राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (National Judicial Appointments Commission- NJAC) अधिनियम दोनों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक और शून्य करार दिया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- निम्नलिखित कारणों से न्यायिक समीक्षा की आवश्यकता है:
    - संविधान की सर्वोच्चता के सिद्धांत को कायम रखने के लिये। **अत: कथन 3 सही है।**
    - संघीय संतुलन (केंद्र और राज्यों के बीच संतुलन) बनाए रखने के लिये।
    - नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा करने के लिये।

102.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- खारदुंग ला: खारदुंग ला लद्दाख में एक पहाड़ी दर्रा है। लद्दाख रेंज पर दर्रा लेह के उत्तर में है और श्योक और नुब्रा घाटियों का प्रवेश द्वार है।
- चांग-ला: यह वृहत हिमालय में एक ऊँचा पहाड़ी दर्रा है। यह लद्दाख को तिब्बत से जोड़ता है।
- बुम ला: बुम ला दर्रा समुद्र तल से 15,200 फीट की ऊंचाई पर भारत-चीन सीमा पर स्थित एक पहाड़ी दर्रा है, यह अरुणाचल प्रदेश में तवांग से लगभग 37 कि.मी. दूर है।
- ज़ोजी ला: नाथू ला पूर्वी सिक्किम जिले में हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा है। यह भारतीय राज्य सिक्किम को चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र से जोड़ता है। **अत: विकल्प B सही है।**

103.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सर्वोच्च्य न्यायलय (SC) ने फैसला सुनाया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) का कार्यालय सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005 के दायरे में आता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस पद को "प्राइमस इंटर पर्स" के रूप में वर्णित करना, एक लैटिन शब्द जो "समकक्षों में से पहला" को दर्शाता है, भारत के मुख्य न्यायाधीश की प्रशासनिक शक्तियों को इंगित करने का एक प्रथागत तरीका है।
- CJI को राष्ट्रपति के आदेश से तभी हटाया जा सकता है जब संसद का अभिभाषण राष्ट्रपति के समक्ष पेश किया गया हो। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- अपने प्रशासनिक कार्य के हिस्से के रूप में, भारत के मुख्य न्यायाधीश के पास विशिष्ट बेंचों को मामलों को आवंटित करने का अधिकार है। **अतः कथन 3 सही है।**

104.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मुख्य रूप से प्रोपेन और ब्यूटेन से युक्त LPG गैस में कोई प्राकृतिक गंध नहीं होती है। रिसाव के दौरान पहचानी गई सुगंध वास्तव में एथिल मर्कैप्टन नामक एक विशिष्ट यौगिक के कारण उत्पन्न होती है जिसे इथेनइथेयॉल के रूप में भी जाना जाता है। **अतः विकल्प D सही है।**

105.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- HL-2M टोकामक रिएक्टर (HL-2M Tokamak reactor) चीन का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत परमाणु संलयन प्रौद्योगिकी अनुसंधान उपकरण है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह उपकरण एक शक्तिशाली स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के लिये मार्ग प्रशस्त करेगा। प्राकृतिक रूप से सूर्य में होने वाली परमाणु संलयन प्रक्रिया (Nuclear Fusion Process) की प्रतिकृति के लिये इसमें HL-2M टोकामक यंत्र का उपयोग किया गया है। इसे चीन का कृत्रिम सूर्य (Artificial Sun) कहा जाता है। **अतः विकल्प D सही है।**

106.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मानव विकास रिपोर्ट में 13 आयाम शामिल हैं:
- लिंग, स्वास्थ्य, मानव सुरक्षा, गतिशीलता एवं संचार, सामाजिक-आर्थिक स्थिरता, व्यापार तथा वित्तीय प्रवाह, कार्य, रोज़गार और भेद्यता, आय, असमानता, मानव विकास, जनसांख्यिकी, शिक्षा, पर्यावरण स्थिरता। **अतः विकल्प A सही है।**

107.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड एंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स योजना नेशनल मिशन ऑन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के तहत शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी परिकल्पना भारत सरकार द्वारा पारंपरिक आंतरिक दहन वाहनों और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों के बीच अंतर को कम करने के लिये की गई थी।
- FAME का मुख्य उद्देश्य सब्सिडी प्रदान करने के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करना है। अतः कथन 2 सही नहीं है।
- यह मुख्यतः चार पहलुओं पर केंद्रित है, अर्थात् मांग निर्माण, प्रौद्योगिकी मंच, पायलट परियोजनाएँ और चार्जिंग बुनियादी ढाँचा। **अतः कथन 3 सही है।**

108.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पश्चिमी भाग के अधिकांश बंगालियों ने इस कदम का विरोध किया क्योंकि उन्हें लगता था कि वे अपने ही प्रांत में भाषाई अल्पसंख्यक बन जायेंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
- उन्हें अनुमान था कि इससे वहाँ बंगालियों (Bengalis) की तुलना में उड़िया (Odia) और हिंदी (Hindi) भाषी लोगों की संख्या बढ़ जाएगी।

नोट :

- बंगाली मुस्लिम समुदाय के कई मुसलमानों ने इस कदम का समर्थन किया क्योंकि उन्हें लगा कि अगर वे नए प्रांत में बहुसंख्यक बन जाते हैं तो इससे उनके शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक हितों को बढ़ावा मिलेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- विभाजन के दौरान, लोगों ने शोक मनाया तथा टैगोर ने हिंदुओं और मुसलमानों से राखी का आदान-प्रदान करके भाईचारा प्रदर्शित करने का आग्रह किया। **अत: कथन 3 सही है।**

**109.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अर्बन 20 (U20) शिखर सम्मेलन पेरिस में वन प्लैनेट शिखर सम्मेलन में शुरू की गई एक शहर कूटनीति पहल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह G20 देशों के शहरों को जलवायु परिवर्तन, सामाजिक समावेशन, टिकाऊ गतिशीलता और किफायती आवास सहित शहरी विकास के विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की सुविधा प्रदान करने तथा सामूहिक समाधान प्रस्तावित करने के लिये एक मंच प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- C40 सिटीज़ (C40) और यूनाइटेड सिटीज़ एंड लोकल गवर्नमेंट्स (UCLG) एक चेयर सिटी के नेतृत्व में U20 का आयोजन करते हैं, जो G20 मेजबान देश में वार्षिक घूमता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**110.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कॉन्ग्रेस ने खिलाफत आंदोलन से संबंधित मुद्दों के संतोषजनक समाधान, पंजाब में हो रहे अन्याय के निवारण और स्वराज की प्राप्ति के रूप में तीन उद्देश्यों के साथ अहिंसक असहयोग प्रस्ताव का समर्थन किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके तहत राष्ट्रीय विद्यालयों और महाविद्यालयों की स्थापना, विवादों को निपटाने के लिये पंचायतों की स्थापना, हथकरघा तथा बुनाई को प्रोत्साहित, लोगों में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द्र बनाए रखना, अस्पृश्यता को ख़त्म करना और और अहिंसा के सख्त पालन की योजना थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- कई क्रांतिकारी गुटों ने, विशेषकर बंगाल में, भी आंदोलन का समर्थन करने के लिये प्रतिबद्धता जताई थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**111.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लार्ज लैंग्वेज मॉडल (Large Language Model- LLM) एक प्रकार का मशीन लर्निंग मॉडल है जो विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (Natural Language Processing- NLP) कार्य कर सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लार्ज लैंग्वेज मॉडल, प्रशिक्षण डेटा से सीखे गए पैटर्न के आधार पर आउटपुट उत्पन्न करने के लिये डीप न्यूरल नेटवर्क (Deep Neural Networks) का उपयोग करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लार्ज लैंग्वेज मॉडल आर्किटेक्चर को प्रभावित करने के लिये सेल्फ-अटेंशन मैकेनिज़्म (Self-Attention Mechanisms) महत्त्वपूर्ण घटक हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**112.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन पर नवीनतम अंतर सरकारी पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि तटीय क्षेत्र और हिमालय चरम जलवायु घटनाओं में वृद्धि तथा वर्षा पैटर्न में बदलाव का अनुभव करने के लिये तैयार हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- हिमालयी क्षेत्र के लिये विकासात्मक रणनीतियों को केवल अनियंत्रित बुनियादी ढाँचे के विस्तार के बजाय जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**

113.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- निंदा प्रस्ताव (Censure Motion) किसी एक मंत्री या मंत्रियों के समूह या संपूर्ण मंत्रिपरिषद के खिलाफ प्रस्तुत किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि यह लोकसभा में पारित हो जाता है, तो मंत्रिपरिषद (Council of Ministers) को पद से इस्तीफा देने की आवश्यकता नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे विशिष्ट नीतियों और कार्यों के लिये मंत्रिपरिषद की निंदा करने के लिये पेश किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

114.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में एक नियामक निकाय है जो मुख्य रूप से सुरक्षा संबंधी मुद्दों का निपटान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह भारत से/भारत के भीतर हवाई परिवहन सेवाओं के विनियमन और उड़ान नियमों, हवाई सुरक्षा तथा उड़ान योग्यता मानकों को लागू करने के लिये उत्तरदायी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के साथ सभी नियामक कार्यों का समन्वय भी करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

115.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं की सूची से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राष्ट्रपति द्वारा एक राजभाषा आयोग के गठन का प्रावधान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 71वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने कोंकणी, मणिपुरी (मेइतेई) और नेपाली को आधिकारिक भाषाओं के रूप में प्रदान किया। **अतः कथन 3 सही है।**

116.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मनरेगा में कम से कम 100 दिनों के काम का प्रावधान है जो एक वित्तीय वर्ष में गारंटीकृत पारिश्रमिक प्रदान करता है।
- मनरेगा के तहत प्रमुख हितधारक
  - काम की तालाश करने वाले लोग
  - ग्राम सभा
  - त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाएँ (PRIs)
  - ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी
  - जिला कार्यक्रम समन्वयक (DPC)
  - राज्य सरकार
  - ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD)
  - नागरिक समाज
  - अन्य हितधारक (लाइन विभाग, अभिसरण विभाग, स्वयं सहायता समूह (SHGs) **अतः विकल्प D सही है।**

**नोट :**

117.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत और अमेरिका ने भारत-अमेरिका 5वीं वाणिज्यिक वार्ता 2023 के दौरान सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला स्थापित करने पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये, जो भारत को इलेक्ट्रॉनिक सामानों का केंद्र बनने के अपने लंबे समय से पोषित सपने को साकार करने में सहायता कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आयात निर्भरता को कम करने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है और वैश्विक सेमीकंडक्टर निर्माता के रूप में भारत की स्थिति को मज़बूत करने की अपेक्षा है। **अतः कथन 2 सही है।**

118.

उत्तर: B

व्याख्या:

- डल झील को "कश्मीर के मुकुट का गहना" या "श्रीनगर का गहना" नाम दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आर्द्रभूमि को पक्की सड़कों द्वारा चार बेसिनों में विभाजित किया गया है; गगरीबल, लोकुट डल, बोड डल और नागिन। **अतः कथन 2 सही है।**
- लोकुट-डल और बोड-डल प्रत्येक के केंद्र में एक द्वीप है, जिसे क्रमशः रूप लंक और सोना लंक के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

119.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ये दिशानिर्देश सभी परिसरों पर लागू होते हैं, चाहे वे परिसर में स्थित हों या बाहर और परिवहन के साधनों पर भी, चाहे वे सार्वजनिक हों या निजी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य रैगिंग की गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म करना और उन पर रोक लगाना सुनिश्चित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आईपीसी में ऐसे प्रावधान हैं, जिनका इस्तेमाल कोई भी छात्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराने के लिये कर सकता है। इसलिए, **कथन 3 सही नहीं है।**
    - 294: अश्लील हरकतें और गाने
    - 323: जान बूझकर चोट पहुँचाने के लिये सज़ा
    - 324: जान बूझकर से खतरनाक हथियार अथवा साधन से चोट पहुँचाना
    - 324: जान बूझकर से गंभीर चोट पहुँचाने के लिये सज़ा
    - 326: जानबूझ कर खतरनाक हथियार से गंभीर चोट पहुँचाना
    - 339: सदोष अवरोध
    - 340: सदोष परिरोध
    - 341: गलत तरीके से रोकने के लिये सजा
    - 342: ग़लत तरीके से बंधक बनाने के लिये सज़ा
    - 506: गैर इरादतन हत्या के लिये सज़ा

नोट :

120.

उत्तर: A

व्याख्या:

- BRICS विश्व की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं जैसे ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह का संक्षिप्त रूप है।
  - संक्षिप्त नाम "BRICS" सबसे पहले वर्ष 2001 में गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्री जिम ओ'नील द्वारा ब्राजील, रूस, भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाओं (जो एक साथ विश्व भर में उत्पादन और जनसंख्या का एक बड़ा भाग हैं) के लिये विकास की संभावनाओं पर एक रिपोर्ट में निरुपित किया गया था।
- वैसे तो BRICS का अस्तित्त्व किसी संगठन के रूप में नहीं है, लेकिन इसका शिखर सम्मेलन प्रत्येक वर्ष पाँच देशों के सर्वोच्च अधिनायकों के बीच आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इस फोरम की अध्यक्षता प्रत्येक वर्ष क्रमिक रूप से इसके सदस्यों द्वारा की जाती है।
  - पहला BRICS शिखर सम्मेलन 16 जून 2009 को येकातेरिनबर्ग, रूस में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- नई दिल्ली में आयोजित चौथे BRICS शिखर सम्मेलन (2012) में BRICS और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ विकासशील देशों में बुनियादी ढाँचे व धारणीय विकास परियोजनाओं के लिये संसाधन जुटाने हेतु एक नए विकास बैंक की स्थापना की संभावना पर विचार किया गया था।
  - फोर्टालेज़ा (2014) में आयोजित छठे BRICS शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना के समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अतः कथन 2 सही है।**




नोट :

121.

उत्तर: B

व्याख्या:

- लाल सागर अफ्रीका और एशिया के मध्य हिंद महासागर का प्रवेश द्वार है। यह विश्व के सबसे खारे जल निकायों में से एक है।
  - सीमावर्ती देश: मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और जिबूती (Djibouti)।
- यह बाब अल-मंदेब जलसंधि और अदन की खाड़ी के माध्यम से दक्षिण में हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है।
  - उत्तर में सिनाई प्रायद्वीप, अकाबा की खाड़ी और स्वेज़ की खाड़ी (स्वेज़ नहर की ओर जाने वाली) हैं। **अत: B विकल्प सही है।**

122.

उत्तर: D

व्याख्या:

## खाड़ी सहयोग परिषद (Gulf Cooperation Council):

- GCC की स्थापना वर्ष 1981 में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच उनके विशेष संबंधों, भौगोलिक निकटता, इस्लामी मान्यताओं पर आधारित समान राजनीतिक प्रणालियों, संयुक्त नियति तथा सामान्य उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए एक समझौते द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- GCC की संरचना में सर्वोच्च परिषद (सर्वोच्च प्राधिकरण), मंत्रिस्तरीय परिषद तथा सेक्रेटेरिएट जनरल शामिल हैं। यह सचिवालय रियाद, सऊदी अरब में स्थित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह अपने चार्टर के अनुसार एक राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं क्षेत्रीय संगठन है।




नोट :

123.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- फरवरी 2021 में, सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थाओं हेतु दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 को अधिसूचित किया।
  - ये नियम आमतौर पर सोशल मीडिया और ओवर-द-टॉप (OTT) प्लेटफॉर्म से संबंधित हैं।
  - ये नियम सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000 की धारा 87 (2) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाए गए हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- सोशल मीडिया/मध्यवर्ती संस्थाओं के लिये नए दिशानिर्देश:
  - सोशल मीडिया मध्यवर्ती संस्थाओं की श्रेणियाँ:
    - सोशल मीडिया मध्यवर्ती संस्था।
    - महत्त्वपूर्ण सोशल मीडिया मध्यवर्ती संस्था।
  - मध्यवर्ती संस्थाओं द्वारा सम्यक तत्परता का पालन:
    - मध्यवर्ती संस्था द्वारा सम्यक तत्परता का पालन नहीं किये जाने की स्थिति में सेफ हार्बर प्रावधान उन पर लागू नहीं होंगे।
  - शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य है:
    - मध्यवर्ती संस्थाओं को शिकायतों से निपटने तथा ऐसे अधिकारियों के नाम और संपर्क विवरण साझा करने के लिये एक शिकायत अधिकारी नियुक्त करना होगा।
    - शिकायत अधिकारी 24 घंटे के भीतर शिकायत स्वीकार करेगा और इसकी प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर इसका समाधान करेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

124.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) एक क्षेत्रीय संगठन है जिसकी स्थापना एशिया-प्रशांत के उपनिवेशवाद के बाद के राज्यों के बीच बढ़ते तनाव के बीच राजनीतिक व सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा देने के लिये की गई थी।
- अध्यक्षता: आसियान की अध्यक्षता सदस्य देशों के अंग्रेजी नामों के वर्णमाला क्रम के आधार पर प्रतिवर्ष बदलती रहती है। **अत: कथन B सही है।**
- सदस्यता:
  - 1967- इसके संस्थापकों द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ आसियान की स्थापना हुई।
  - इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड ने आसियान की स्थापना की थी। **अत: कथन A सही नहीं है।**
  - 1990 के दशक- वर्ष 1975 में वियतनाम युद्ध और वर्ष 1991 में शीत युद्ध की समाप्ति के बाद इस क्षेत्र में बदलती परिस्थितियों के बाद आसियान की सदस्यता दोगुनी हो गई।
    - ब्रुनेई (1984), वियतनाम (1995), लाओस और म्यॉमार (1997) और कंबोडिया (1999) को आसियान शामिल किया गया।
- मुक्त व्यापार समझौते (FTAs):
  - आसियान-ऑस्ट्रेलिया-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार क्षेत्र
  - आसियान-चीन मुक्त व्यापार समझौते
  - आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र। अत: कथन C सही है।
  - आसियान-जापान मुक्त व्यापार क्षेत्र
  - आसियान-कोरिया गणराज्य मुक्त व्यापार क्षेत्र

नोट :

- आसियान-हांगकांग, चीन मुक्त व्यापार क्षेत्र
- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी **अत: विकल्प A सही है।**

125.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI) भोजन, चिकित्सा देखभाल, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसी वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमत में अंतर की गणना करता है, जिन्हें भारतीय उपभोक्ता उपयोग के लिये खरीदते हैं।
  - CPI के कई उप-समूह हैं जिनमें भोजन तथा पेय पदार्थ, ईंधन एवं प्रकाश, आवास और कपड़े, बिस्तर तथा जूते शामिल हैं।
- CPI के चार प्रकार इस प्रकार हैं:
  - औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI
  - कृषि श्रमिक (AL) के लिये CPI
  - ग्रामीण मज़दूरों (RL) के लिये CPI
  - CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)।
  - इनमें से पहले तीन को श्रम और रोज़गार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किया गया है। चौथा [CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)] सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Labour and Employment) में NSO द्वारा संकलित किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- WPI बनाम CPI:
  - WPI उत्पादक स्तर पर मुद्रास्फीति को ट्रैक करता है तथा CPI उपभोक्ता स्तर पर कीमतों के स्तर में बदलाव को ट्रैक करता है।
  - WPI सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को कैप्चर नहीं करता है, जो कि CPI करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - WPI में विनिर्मित वस्तुओं को अधिक महत्त्व दिया जाता है, जबकि CPI में खाद्य पदार्थों को अधिक महत्त्व दिया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

126.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)

- NBFC कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत एक कंपनी है जो ऋण तथा अग्रिम, सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा जारी शेयर/स्टॉक/बॉण्ड/डिबेंचर/प्रतिभूति के अधिग्रहण या समान प्रकृति की अन्य विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ, पट्टे, किराया-खरीद, बीमा व्यवसाय, चिट व्यवसाय में लगी हुई है। लेकिन इसमें ऐसा कोई भी संस्थान शामिल नहीं है जिसका मुख्य व्यवसाय कृषि गतिविधि, औद्योगिक गतिविधि, किसी भी सामान की खरीद या बिक्री (प्रतिभूतियों के अलावा) या कोई सेवाएँ प्रदान करना और अचल संपत्ति की बिक्री/खरीद/निर्माण करना है।
- NBFC की विशेषताएँ:
  - NBFC माँग जमा स्वीकार नहीं कर सकता।
  - NBFC भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं और स्वयं आहरित चेक जारी नहीं कर सकते हैं।
  - जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम की जमा बीमा सुविधा NBFC के जमाकर्त्ताओं के लिये उपलब्ध नहीं है।
- दिये गए विकल्पों में से, एक NBFC (केवल) माँग जमा स्वीकार नहीं कर सकता है। **अत: विकल्प C सही है।**

नोट :

127.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## जन प्रतिनिधित्त्व अधिनियम 1951:

- प्रावधान:
  - यह चुनाव के संचालन को नियंत्रित करता है।
  - यह सदनों की सदस्यता के लिये योग्यता और अयोग्यताएँ निर्दिष्ट करता है,
  - यह भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के संबंध प्रावधान प्रदान करता है।
  - यह चुनाव से संबंधित संदेहों और असहमतियों को हल करने की प्रक्रिया की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 499 एवं 500:

- धारा 499: यह जो कोई या तो बोले गए या पढ़े जाने के लिए आशयित शब्दों द्वारा या संकेतों द्वारा, या दृष्य रूपणों द्वारा किस प्रकार मानहानि हो सकती है, से संबंधित है।
  - ऐसे शब्द जिससे व्यक्ति की ख्याति को क्षति पहुँचे या यह जानते हुए या विश्वास करने का कारण रखते हुए ऐसे लांछन लगाता या प्रकाशित करता है जिससे उस व्यक्ति की ख्याति को क्षति पहुँचे, तो तद्पश्चात अपवादित दशाओं के सिवाय उसके द्वारा उस व्यक्ति की मानहानि करना कहलाएगा।
- धारा 500: इसमें आपराधिक मानहानि के दोषी ठहराए गए किसी व्यक्ति के लिये जूर्माने के साथ अथवा बिना जूर्माने के दो वर्ष तक की कैद का प्रावधान है। **अतः विकल्प C सही है।**

128.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 102: संसद के किसी भी सदन से संसद सदस्यों (सांसदों) की अपात्रता से संबंधित है।
- अनुच्छेद 104: यह अनुच्छेद 99 के तहत शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने से पहले या योग्य न होने पर भी संसद में बैठने और मतदान करने के लिये दंड से संबंधित है।
- अनुच्छेद 105: यह संसद और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों को कुछ विशेषाधिकार और न्यायिक जाँच से छूट प्रदान करता है।
- अनुच्छेद 106: संसद सदस्यों के वेतन और भत्ते से संबंधित सभी प्रावधानों से संबंधित है। **अतः विकल्प A सही है।**

129.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## बायोसिमिलर दवाएँ:

- बायोसिमिलर बिल्कुल वैसा ही है जैसा इसके नाम से पता चलता है - यह एक बायोलॉजिक है जो किसी अन्य बायोलॉजिक दवा (जो संदर्भ उत्पाद के रूप में जाना जाता है) के "समान" है।
  - बायोलॉजिक्स या जैविक उत्पाद अत्यधिक जटिल विनिर्माण प्रक्रियाओं के माध्यम से जीवित जीवों से बनाई गई दवाएँ हैं तथा इन्हें सावधानीपूर्वक निगरानी की गई स्थितियों के तहत संभाला और प्रशासित किया जाना चाहिये।
  - बायोलॉजिक्स का उपयोग कैंसर, क्रोनिक किडनी डिज़ीज़, मधुमेह, सिस्टिक फाइब्रोसिस और ऑटोइम्यून विकारों सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों की रोकथाम, उपचार या इलाज के लिये किया जाता है।

- बायोसिमिलर सुरक्षा, शुद्धता और शक्ति के मामले में संदर्भ उत्पाद के समान हैं, लेकिन चिकित्सकीय रूप से निष्क्रिय घटकों में मामूली अंतर हो सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत वर्ष 2000 में बायोसिमिलर को मंज़ूरी देने तथा उसका विपणन करने वाले दुनिया के पहले देशों में से एक था। अतः कथन 2 सही है।
  - तब से केवल दो दशकों में, देश में 100 से अधिक बायोसिमिलर को मंज़ूरी दी जा चुकी है।

**130.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

### भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India- SEBI):

- SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित एक वैधानिक निकाय (एक गैर-संवैधानिक निकाय जिसे संसद द्वारा स्थापित किया गया) है।
- यह अर्द्ध-विधायी, अर्द्ध-न्यायिक और अर्द्ध-कार्यकारी निकाय के रूप में त्रिगुण कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- SEBI बोर्ड में एक अध्यक्ष तथा कई अन्य पूर्णकालिक और अंशकालिक सदस्य होते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- SEBI का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।
- पृष्ठभूमि:
  - SEBI के अस्तित्व में आने से पहले पूंजीगत मुद्दों का नियंत्रक (Controller of Capital Issues) नियामक प्राधिकरण था; इसे पूंजी मुद्दे (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 के तहत अधिकार प्राप्त थे। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अप्रैल 1988 में भारत सरकार के एक प्रस्ताव के तहत SEBI का गठन भारत में पूंजी बाज़ार के नियामक के रूप में किया गया था।
  - प्रारंभ में SEBI एक गैर-वैधानिक निकाय था जिसे किसी भी तरह की वैधानिक शक्ति प्राप्त नहीं थी।
  - SEBI अधिनियम, 1992 के माध्यम से यह एक स्वायत्त निकाय बना तथा इसे वैधानिक शक्तियाँ प्रदान की गईं।

**131.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

### अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labor Organization- ILO):

- यह एकमात्र त्रिपक्षीय संयुक्त राष्ट्र (UN) एजेंसी है। यह श्रम मानकों को निर्धारित करने, नीतियाँ विकसित करने तथा सभी महिलाओं एवं पुरुषों के लिये सभ्य काम को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम तैयार करने के लिये 187 सदस्य राज्यों (भारत एक सदस्य है) की सरकारों, नियोक्ताओं व श्रमिकों को एक मंच प्रदान करता है।
  - यह वर्ष 1946 में संयुक्त राष्ट्र की पहली संबद्ध विशेष एजेंसी बनी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 1969 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला।
- इसे राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में वर्साय की संधि द्वारा वर्ष 1919 में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।

नोट :

132.

उत्तर: C

व्याख्या:

## BRICS:

- परिचय:
  - यह दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं अर्थात् ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह का संक्षिप्त रूप है।
  - वर्ष 2001 में, ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओ'नील ने ब्राज़ील, रूस, भारत तथा चीन की चार उभरती अर्थव्यवस्थाओं का वर्णन करने के लिये BRIC शब्द गढ़ा।
  - वर्ष 2006 में BRIC विदेश मंत्रियों की पहली बैठक के दौरान इस समूह को औपचारिक रूप दिया गया था।
  - दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को BRIC में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया था, जिसके बाद इस समूह ने संक्षिप्त नाम BRICS अपनाया।
- BRICS का हिस्सा:
  - BRICS दुनिया के पाँच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी का 41%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24% और वैश्विक व्यापार का 16% प्रतिनिधित्व करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- अध्यक्षता:
  - फोरम की अध्यक्षता B-R-I-C-S के अनुसार, सदस्यों के बीच प्रतिवर्ष परिवर्तित होती रहती है।
- BRICS की पहल:
  - न्यू डेवलपमेंट बैंक:
    - वर्ष 2014 में फोर्टालेज़ा (ब्राज़ील) में छठे BRICS शिखर सम्मेलन के दौरान, नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB - शंघाई, चीन) की स्थापना के समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 2 सही है।**
  - आकस्मिक आरक्षित व्यवस्था:
    - वर्ष 2014 में, BRICS सरकारों ने आकस्मिक आरक्षित व्यवस्था की स्थापना पर एक संधि पर हस्ताक्षर किये।
  - रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट का प्रक्षेपण:
    - उपग्रहों का एक रिमोट सेंसिंग समूह लॉन्च किया गया है - जिसमें 6 उपग्रह शामिल हैं जिनमें 2 भारत से, 2 चीन से, 1 रूस से और 1 ब्राज़ील-चीन सहयोग से है। **अत: कथन 3 सही है।**

133.

उत्तर: A

व्याख्या:

## विवर्तनिक प्लेटें:

- विवर्तनिक प्लेट (जिसे लिथोस्फेरिक प्लेट भी कहा जाता है) ठोस चट्टान का एक विशाल, अनियमित आकार का स्लैब है, जो आम तौर पर महाद्वीपीय और महासागरीय स्थलमंडल दोनों से मिलकर बना होता है।
  - स्थलमंडल में भू-पर्पटी और ऊपरी मेंटल शामिल है, जिसकी मोटाई समुद्री भागों में 5-100 कि.मी. और महाद्वीपीय क्षेत्रों में लगभग 200 कि.मी.के बीच होती है।
  - विवर्तनिक प्लेट्स की अवधारणा पहली बार वर्ष 1967 में पेश की गई थी।
- एक विवर्तनिक प्लेट, महाद्वीपीय प्लेट या महासागरीय प्लेट हो सकती है, यह इस पर निर्भर करता है कि दोनों में से कौन प्लेट का बड़ा हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - प्रशांत प्लेट मुख्यत: एक महासागरीय प्लेट है जबकि यूरेशियाई प्लेट एक महाद्वीपीय प्लेट है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :




**अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**134.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## पश्चिमी विक्षोभ:

- परिचय:
  - पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले चक्रवाती तूफानों की एक शृंखला है, ये उत्तर-पश्चिम भारत में गैर-मानसूनी वर्षा के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।।
    - एक पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर, काला सागर और कैस्पियन सागर से नमी प्राप्त करता है और पश्चिमी हिमालय से टकराने से पहले ईरान और अफगानिस्तान से होकर गुजरता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस तथ्य के बावजूद कि ये तूफान प्रणालियाँ पूरे वर्ष भर घटित होती हैं, वे मुख्य रूप से दिसंबर और अप्रैल के बीच भारत में आते हैं क्योंकि उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट धाराएँ( जो उन्हें ले जाती है) सर्दियों में अपना मार्ग बदलकर हिमालय शृंखला से होते हुए गुजरती है।
    - शेष वर्ष के लिये, जेट धाराएँ हिमालय के ऊपर से तिब्बती पठार और चीन तक यात्रा करती है। इसका प्रक्षेप पथ सूर्य की स्थिति के अनुसार बदलता रहता है।
- भारत के लिए महत्त्व:
  - पश्चिमी विक्षोभ बर्फबारी का प्राथमिक स्रोत है जो सर्दियों के दौरान हिमालय के हिमनदों को भर देता है। अत: कथन 2 सही है।
    - ये हिमनद गंगा, सिंधु और यमुना जैसी प्रमुख हिमालयी नदियों के साथ-साथ असंख्य पहाड़ी झरनों और नालों की जलापूर्ति कर देते हैं।

- ये निम्न दबाव वाली तूफान प्रणालियाँ भारत में किसानों को उनकी रबी फसल उगाने में मदद करती हैं। अतः कथन 3 सही है।
- समस्याएँ:
  - पश्चिमी विक्षोभ हमेशा अच्छे मौसम का संकेत नहीं होते। कभी-कभी इसके कारण सामान्य बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, धूल भरी आँधी, ओलावृष्टि और शीत लहर जैसी चरम मौसमी घटनाएँ भी होती हैं जो कि बुनियादी ढाँचों को नष्ट करने में सक्षम होते है जो आम जनजीवन व आजीविका को प्रभावित कर सकते हैं।

135.

उत्तर: B

व्याख्या:

- चंद्रयान-3 भारत का तीसरा चंद्र मिशन और चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का दूसरा प्रयास है।
- इसने 14 जुलाई, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी।
- पिछले मिशन की ही तरह विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान पर छह पेलोड हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके लैंडर पर लगे वैज्ञानिक पेलोड का उद्देश्य चंद्रमा पर आने वाले भूकंप, चंद्र सतह के तापीय गुणों और सतह के पास प्लाज़्मा में परिवर्तन तथा पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की वास्तविक दूरी का अध्ययन करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल में एक नया प्रयोग किया गया है, इसे स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबीटेबल प्लेनेट अर्थ (SHAPE) कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- SHAPE का लक्ष्य परावर्तित प्रकाश का विश्लेषण करके संभावित रहने योग्य छोटे ग्रहों की खोज करना है।

136.

उत्तर: A

व्याख्या:

- आर्टेमिस समझौते का गठन वर्ष 2020 में नासा द्वारा अमेरिकी विदेश विभाग के साथ सात अन्य संस्थापक सदस्य देशों के सहयोग से किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- अन्य संस्थापक सदस्यों के अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्ज़मबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन हैं।
- आर्टेमिस समझौता वर्ष 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि में प्रमुख दायित्वों को मज़बूती प्रदान करता है और कार्यान्वित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे संयुक्त राज्य अमेरिका और हस्ताक्षरकर्त्ता देशों द्वारा पंजीकरण अभिसमय, बचाव और वापसी समझौते के साथ-साथ ज़िम्मेदार अभ्यास की सर्वोत्तम प्रथाओं व मानदंडों के प्रति प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करते हैं।
- यह नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण के लिये गैर-बाध्यकारी मार्गदर्शक सिद्धांत है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- यह समझौता मानवता के लिये साझा संसाधन के रूप में अंतरिक्ष पर बल देती है, राष्ट्रीय विनियोग पर रोक लगाती है तथा अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करती है।

137.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन (International Lunar Research Station- ILRS) चंद्रमा की सतह और/अथवा चंद्रमा की कक्षा में बनाया जाएगा जो चंद्र अन्वेषण और इसके उपयोग जैसी वैज्ञानिक अनुसंधान गतिविधियों को अंजाम देगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- रूस अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन(एक रहने योग्य कृत्रिम उपग्रह) का एक हिस्सा है जो कि लो अर्थ ऑर्बिट में सबसे बड़ी मानव निर्मित संरचना है।

नोट :

- रूस और चीन सह-परामर्श, संयुक्त निर्माण और साझा लाभ के सिद्धांत का पालन करेंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन हेतु व्यापक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, और यह अवसर भागीदारी में रुचि रखने वाले सभी देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के लिये उपलब्ध होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**138.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (NISAR) मिशन अंतरिक्ष में अपनी तरह का पहला रडार होगा जो पृथ्वी का व्यवस्थित रूप से और सूक्ष्म मानचित्रण करने वाला अपनी तरह का पहला मिशन होगा। यह इसके लिये दो अलग-अलग रडार आवृत्तियों (L-बैंड और S-बैंड) का उपयोग करेगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NISAR को 12 दिनों की अवधि के भीतर पूरी पृथ्वी का मानचित्रण पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NISAR में SAR तकनीक का उपयोग किया गया है, जो किसी भी मौसम की स्थिति में दिन और रात के समय में बादलों के पार से जानकारी व उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली छवियाँ प्राप्त करने में सक्षम है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**139.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- WTO राष्ट्रों के बीच व्यापार नियमों को विनियमित करने के लिए एकमात्र उत्तरदायी वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- WTO की वैश्विक प्रणाली समझौते के माध्यम से व्यापार बाधाओं को कम करती है और निष्पक्षता के सिद्धांत के तहत संचालित होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह गैर-भेदभाव के सिद्धांत के तहत अपने सदस्यों और गैर-सदस्यों के बीच व्यापार विवादों का निपटारा करता है और यह विकासशील देशों की जरूरतों का समर्थन करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**140.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक कंप्यूटर अथवा रोबोट की क्षमता है जिसे कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित किया जाता है ताकि वह ऐसे कार्यों को पूरा कर सकें जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं और जिसके लिये मानव जैसी बुद्धिमता और निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रणनीतिक रूप से सोचने और ऐसे कार्य करने की क्षमता जिससे किसी निश्चित उद्देश्य को पूरा करने की सबसे अधिक संभावना हो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आदर्श विशेषता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कथन-I तथा कथन-II सही हैं, कथन-II कथन-I के लिये स्पष्टीकरण प्रदान करता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**141.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- असहयोग आंदोलन के चार मुख्य कारण थे:
  - जलियाँवाला बाग नरसंहार और इसके कारण हुए पंजाब में अशांति
  - मोंटागु-चेम्सफोर्ड सुधारों से असंतोष
  - रॉलेट एक्ट,
  - खिलाफत आंदोलन **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- असहयोग आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार पर निर्भरता कम करने और यथासंभव इसका विरोध करने की माँग की। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसकी योजना ब्रिटिश राज के साथ काम करने से इंकार करने और सभी सरकारी संस्थानों का बहिष्कार करने की थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**142.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मांग और आपूर्ति वक्रों के प्रतिच्छेदन बिंदु को संतुलन बिंदु के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जब उत्पादन लागत बढ़ती है, तो आपूर्ति की मात्रा कम हो जाती है, जिससे आपूर्ति वक्र बाईं ओर खिसक जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि कर बढ़ाए जाते हैं, तो आपूर्ति कम हो जाएगी, जिससे आपूर्ति वक्र बाईं ओर खिसक जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**143.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- FAO खाद्य मूल्य सूचकांक (FFPI) खाद्य वस्तुओं की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में मासिक परिवर्तन का एक उपाय है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें वर्ष 2014-2016 (आधार वर्ष) के दौरान प्रत्येक समूह के औसत निर्यात शेयरों द्वारा भारित पाँच वस्तु समूह मूल्य सूचकांकों का औसत शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे 1996 में वैश्विक कृषि वस्तु बाज़ारों में विकास की निगरानी में मदद करने के लिए एक सार्वजनिक वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**144.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा को इसके जारी होने की तिथि से एक माह के अंतर्गत संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यदि संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो आपातकाल छह माह तक जारी रहता है, और हर छह माह के लिये संसद की स्वीकृति के साथ इसे अनिश्चित काल तक बढ़ाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम ने आवधिक संसदीय अनुमोदन का प्रावधान प्रस्तुत किया। **अतः कथन 3 सही है।**

**145.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत का राष्ट्रपति संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है और इसकी बैठकों में भाग लेने के लिये संसद में नहीं बैठता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत के राष्ट्रपति प्रत्येक आम चुनाव के बाद पहले सत्र की शुरुआत में राज्यसभा और लोकसभा दोनों को संबोधित करते हैं जब पुनर्गठित निचले सदन की पहली बैठक होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

146.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत के निर्वाचन आयोग ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को "राष्ट्रीय आइकन" का दर्जा दिया है। अगले तीन वर्षों के लिये, वह निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिक भागीदारी की आवश्यकता के विषय में जागरूकता फैलाने के अनुबंध से बंधे हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

147.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रत्येक राज्य को लोकसभा की कुछ सीटें इस प्रकार आवंटित की जाती हैं कि लोकसभाओं की संख्या और उसकी जनसंख्या के बीच का अनुपात सभी राज्यों के लिये समान रहे। **अत: कथन I सही नहीं है।**
- किसी राज्य में आवंटित लोकसभा सीटों की संख्या और उसकी जनसंख्या के बीच समान अनुपात का प्रावधान छह लाख से कम आबादी वाले राज्य पर लागू नहीं होता है। **अत: कथन II सही है। कथन-I सही नहीं है।**

148.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) छह वर्ष की अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- CEC को उसके कार्यालय से केवल उसी प्रक्रिया का उपयोग करके और उसी आधार पर हटाया जा सकता है जिस आधार पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त और/या दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों के बीच मतभेद की स्थिति में, मामले का निर्णय आयोग द्वारा बहुमत से किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

149.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इसका गठन पहली बार अनौपचारिक रूप से वर्ष 2006 में G8 आउटरीच शिखर सम्मेलन के मौके पर BRIC (ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन) देशों के नेताओं की एक बैठक के दौरान किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- दक्षिण अफ्रीका को पूर्ण सदस्य के रूप में स्वीकृत किये जाने के बाद यह समूह वर्ष 2010 में ब्रिक्स बन गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में फोर्टालेज़ा घोषणा को अपनाने के साथ की गई थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

150.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन इकोसिस्टम (NMSHE) नेशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज के तहत आठ मिशनों में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- शामिल राज्य: हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल।

नोट :

- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख इस परियोजना के अंतर्गत आने वाले केंद्र शासित प्रदेश हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस परियोजना में जल विज्ञान संबंधी प्रभावों की जाँच और पूर्वानुमान के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं को नियंत्रित करना भी शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**151.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह उत्तराखंड में चारधाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री) के लिये कनेक्टिविटी में सुधार हेतु सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कार्यान्वयन एजेंसियाँ: उत्तराखंड राज्य लोक निर्माण विभाग (PWD), सीमा सड़क संगठन (BRO) और राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढाँचा विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL)। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस कार्यक्रम के तहत कार्य को पूरा करने के लिये इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (EPC) पद्धति का उपयोग किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**152.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- BRICS ने अपनी सदस्यता को पाँच देशों से बढ़ाकर ग्यारह देशों तक कर के अपने 15वें शिखर सम्मेलन को चिह्नित किया, यह इसकी वैश्विक स्थिति को बेहतर बनाने के ठोस प्रयास को दर्शाता है।
- मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना BRICS में शामिल होने वाले नये देश हैं, जिससे मध्य पूर्व, अफ्रीका तथा दक्षिण अमेरिका क्षेत्रों में समूह का प्रतिनिधित्व बढ़ गया है।
- इन देशों की पूर्ण सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। **अतः विकल्प D सही है।**

**153.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान उतारने वाले एकमात्र देशों के रूप में अमेरिका, रूस और चीन में शामिल हो गया। इस प्रकार केवल चार देश भारत, अमेरिका, रूस और चीन हैं जिन्होंने चंद्रमा की सतह पर अपना अंतरिक्ष यान उतारा। **अतः विकल्प A सही है।**

**154.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पर्यावरणीय प्रभाव आकलन ने विकासात्मक परियोजनाओं को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया है:
- श्रेणी A परियोजनाओं के लिये अनिवार्य पर्यावरणीय मंज़ूरी की आवश्यकता होती है और इस प्रकार उन्हें स्क्रीनिंग प्रक्रिया से गुज़रने की आवश्यकता नहीं होती है।
    - श्रेणी A (राष्ट्र स्तरीय मूल्यांकन): विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन प्रभाव आकलन एजेंसी (IAA) और विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- श्रेणी B परियोजनाएँ एक स्क्रीनिंग प्रक्रिया से गुज़रती हैं और उन्हें आगे B1 (अनिवार्य रूप से EIA आवश्यक) और B2 (EIA आवश्यक नहीं) में वर्गीकृत किया जाता है।
    - श्रेणी B (राज्य स्तरीय मूल्यांकन): राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) और राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) श्रेणी B परियोजनाओं को मंज़ूरी प्रदान करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- खनन, ताप विद्युत संयंत्र, नदी घाटियाँ और अवसंरचना जैसी परियोजनाओं को पर्यावरण मंज़ूरी लेना अनिवार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

155.

उत्तर: D

व्याख्या:

- केरल सरकार ने ₹6,500 करोड़ की लागत से तिरुवनंतपुरम से कासरगोड तक लगभग 623 कि.मी. की दूरी पर एक तटीय राजमार्ग के निर्माण की महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रस्तावित राजमार्ग नौ तटीय जिलों से होकर गुजरेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह भारत में गहरे शिपिंग चैनल के तहत पहली सुरंग बनेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

156.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 "राजकोषीय घाटा" को एक वित्तीय वर्ष के दौरान भारत की संचित निधि से, निधि में कुल प्राप्तियों (ऋण प्राप्तियों को छोड़कर) पर, ऋण के पुनर्भुगतान को छोड़कर, कुल संवितरण की अधिकता के रूप में परिभाषित किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य केंद्र सरकार को राजकोषीय प्रबंधन और दीर्घकालिक व्यापक-आर्थिक स्थिरता के संबंध में अंतर-पीढ़ीगत समानता सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार बनाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अधिनियम की धारा 4(2) के तहत, केंद्र कुछ आधारों का हवाला देते हुए वार्षिक राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के बाहर जा सकता है। ये आधार राष्ट्रीय सुरक्षा, युद्ध, राष्ट्रीय आपदा, कृषि का पतन, संरचनात्मक सुधार हो सकते हैं। किसी तिमाही में वास्तविक उत्पादन वृद्धि में पिछली चार तिमाहियों के औसत से कम-से कम-तीन प्रतिशत अंक की गिरावट देखी गई है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

157.

उत्तर: B

व्याख्या:

- नीति आयोग भारत सरकार के एक कार्यकारी संकल्प द्वारा बनाया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (NILERD) नीति आयोग से जुड़ा एक केंद्रीय स्वायत्त संगठन है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नीति आयोग की शासी परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, विधानसभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों यानी दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

158.

उत्तर: D

व्याख्या:

- PM फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान- वोकल फॉर लोकल पहल का एक हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- योजना के फोकस क्षेत्रों में वेस्ट टू वेल्थ उत्पाद, लघु वन उत्पाद और आकांक्षी ज़िले शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- PMFME योजना का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के असंगठित क्षेत्र में मौजूदा निजी सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाना और क्षेत्र की औपचारिकता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

159.

उत्तर: C

व्याख्या:

- .'संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR)' की स्थापना वर्ष 1950 में यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के कारण हुए बड़े पैमाने पर विस्थापन के मद्देनज़र की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- UNHCR ने क्रमश: वर्ष 1954 और वर्ष 1981 में दो बार शांति का नोबेल पुरस्कार जीता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- UNHCR के कार्यों को नियंत्रित करने वाला मुख्य कानूनी दस्तावेज वर्ष 1951 का शरणार्थी अभिसमय है। **अत: कथन 3 सही है।**

160.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने सफलतापूर्वक अपना पहला इंटरप्लेनेटरी होप प्रोब मिशन मंगल ग्रह के कक्ष में स्थापित किया। **अत: विकल्प B सही है।**

161.

उत्तर: B

व्याख्या:

- गोलकनाथ मामले (1967) में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन नहीं कर सकती और यह शक्ति केवल संविधान सभा के पास होगी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- केशवानंद भारती (1973) मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संसद संविधान के किसी भी भाग में तब तक संशोधन कर सकती है, जब तक वह संविधान की मूल संरचना में परिवर्तन या संशोधन नहीं करती। **अत: कथन 2 सही है।**
- मिनर्वा मिल्स मामले (1980) में, न्यायालय ने बुनियादी संरचना सुविधाओं की सूची में दो विशेषताएँ जोड़ीं, अर्थात् न्यायिक समीक्षा और मौलिक अधिकारों एवं DPSP के बीच संतुलन। **अत: कथन 3 सही है।**

162.

उत्तर: D

व्याख्या:

- साधारण बहुमत:
  - संविधान में कई प्रावधानों को अनुच्छेद 368 के दायरे से बाहर संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत से संशोधित किया जा सकता है।
  - इन प्रावधानों में शामिल हैं:
    - नए राज्यों का गठन और मौजूदा राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं अथवा नामों में परिवर्तन
    - राज्यों में विधान परिषदों का विघटन या निर्माण
    - राजभाषा का प्रयोग
    - नागरिकता - अधिग्रहण, और समाप्ति
    - संसद और राज्य विधानमंडलों के लिये चुनाव
    - पाँचवीं अनुसूची - अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन
    - छठी अनुसूची - जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन। अत: विकल्प D सही है।

163.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1954 में स्थापित साहित्य अकादमी पुरस्कार एक साहित्यिक सम्मान है जो नेशनल एकदेमी ऑफ लेटर्स द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के संविधान में सूचीबद्ध 22 भाषाओं के अलावा, साहित्य अकादमी ने अंग्रेज़ी और राजस्थानी को उन भाषाओं के रूप में मान्यता दी है जिनमें उसके कार्यक्रम किये जा सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद साहित्य अकादमी पुरस्कार भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है। **अतः कथन 3 सही है।**

164.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (Telecom Regulatory Authority of India- TRAI) की स्थापना वर्ष 1997 में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- TRAI दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करता है, जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ का निर्धारण/संशोधन शामिल है, जो पहले केंद्र सरकार में निहित थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- TRAI में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

165.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- किसी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का मुख्य निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशन और नियंत्रण के तहत राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव कार्य की निगरानी के लिये अधिकृत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में किसी ज़िले के निर्वाचन कार्य का निरीक्षण करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- किसी संसदीय या विधानसभा क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर संबंधित संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन के संचालन के लिये ज़िम्मेदार होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

166.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में पद्मविभूषण सर्वोच्च है, उसके बाद पद्मभूषण और पद्मश्री हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- पद्म पुरस्कार 'पद्म पुरस्कार समिति' द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किये जाते हैं, जिसका गठन प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

167.

उत्तर : D

**व्याख्या:**

- फीफा से संबद्ध छह क्षेत्रीय संघ:
  - एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC), एशिया और ऑस्ट्रेलिया के लिये शासी निकाय है।
  - अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (CAF) में 56 सदस्य हैं।
  - कन्फेडरेशन ऑफ नॉर्थ, सेंट्रल अमेरिकन एंड कैरेबियन एसोसिएशन फुटबॉल (CONCAF) में 41 सदस्य हैं।
  - कॉन्फेडेरासिओन सुदामेरिकाना डी फुटबोल (Confederación Sudamericana de Fútbol-CONMEBOL) 10 सदस्यों वाला दक्षिण अमेरिकी महासंघ है।
  - ओशिनिया फुटबॉल फेडरेशन (OFC) में न्यूज़ीलैंड समेत 14 सदस्य हैं।
  - 55 सदस्यों वाला यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (UEFA), यूरोप के लिये शासी निकाय है। **अतः विकल्प D सही है।**

168.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- दक्षिण चीन सागर द्वीप समूह पारिस्थितिकी क्षेत्र में 250 से अधिक द्वीप, एटोल और शोल्स शामिल हैं जो पूरे दक्षिण चीन सागर में फैले हुए हैं तथा तीन द्वीपसमूह में विभाजित हैं: जो प्रतास द्वीप, पार्सल द्वीप और स्प्रैटली द्वीप हैं।
- डंक द्वीप ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी क्वींसलैंड के तट पर स्थित एक सुरम्य(picturesque) द्वीप है। यह फैमिली द्वीप समूह(Family Islands group) का हिस्सा है, जिसमें बेडर्रा द्वीप, व्हीलर द्वीप और कुछ छोटे द्वीप भी शामिल हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

169.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) तीन सेवाओं थल सेना, नौसेना और वायु सेना और भारतीय तटरक्षक के लिये नई नीतियों और पूंजी अधिग्रहण पर निर्णय लेने के लिये रक्षा मंत्रालय में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रक्षा मंत्री परिषद के अध्यक्ष हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका गठन वर्ष 2001 में कारगिल युद्ध (1999) के बाद 'राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली में सुधार' पर मंत्रियों के समूह की सिफारिशों के बाद किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

170.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- विश्व निवेश रिपोर्ट, 2023 व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा जारी की गई है। अतः कथन 1 सही है।
- विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में विकासशील देशों में FDI प्रवाह अधिक था।
- भारत और आसियान क्रमशः 10 और 5% की वृद्धि के साथ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के सबसे उत्साही प्राप्तकर्ता थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- चीन, विश्व का दूसरा सबसे बड़ा FDI मेजबान देश, में 5% की वृद्धि देखी गई।
- नवीकरणीय ऊर्जा में अंतर्राष्ट्रीय निवेश में अधिकांश वृद्धि विकसित देशों में हुई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

171.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संविधान में मुख्यमंत्री के चयन एवं नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्यपाल आमतौर पर विधानसभा में सबसे बड़े दल या गठबंधन के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करते हैं और उनसे एक महीने के भीतर सदन में विश्वास मत हासिल करने के लिये कहते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- एक व्यक्ति जो राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं है, उसे छह महीने के लिये मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, इस समय के भीतर, उसे राज्य विधानमंडल के लिये चुना जाना चाहिये, अन्यथा वह मुख्यमंत्री नहीं रह जाएगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

172.

उत्तर: C

व्याख्या:

- गिग श्रमिकों को मोटे तौर पर प्लेटफॉर्म और गैर-प्लेटफॉर्म-आधारित श्रमिकों में वर्गीकृत किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्लेटफॉर्म श्रमिक वे गिग श्रमिक होते हैं जिनका काम ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ऐप अथवा डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे फ़ूड एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म ज़ोमैटो, स्विगी, ओला और अन्य पर आधारित होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- गैर-प्लेटफॉर्म श्रमिक आमतौर पर पारंपरिक क्षेत्रों में आकस्मिक वेतन और स्वयं-खाते वाले कर्मचारी होते हैं जो अंशकालिक या पूर्णकालिक होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

173.

उत्तर: D

व्याख्या:

- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) गृह मंत्रालय के अधिकार के तहत भारत में सात सुरक्षा बलों को संदर्भित किया गया है।
  - असम राइफल्स (AR)
  - सीमा सुरक्षा बल (BSF)
  - केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)
  - केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)
  - भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)
  - राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG)
  - सशस्त्र सीमा बल (SSB)
- सातों में से प्रत्येक के पास अधिकारियों का अपना कैडर होता है, जिनका नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी करते हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

174.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों के पास समान शक्तियाँ हैं और उन्हें समान वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाएँ मिलती हैं, जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त को राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों द्वारा विशेष बहुमत से पारित प्रस्ताव के आधार पर हटाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान ने निर्वाचन आयोग के सदस्यों की योग्यता (कानूनी, शैक्षणिक, प्रशासनिक या न्यायिक) निर्धारित नहीं की है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

175.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का प्रावधान भारत सरकार अधिनियम', 1935 से लिया गया है।अत: कथन 1 सही है।
- संविधान में राष्ट्रपति को "विधेयक पर विचार-विमर्श एवं मतदान के उद्देश्य से" दोनों सदनों का संयुक्त सत्र बुलाने का अधिकार प्रदान किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लोकसभा के अध्यक्ष एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हैं तथा उसकी अनुपस्थिति की स्थिति में लोकसभा के उपाध्यक्ष इस भूमिका को निभाते हैं। यदि लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों अनुपस्थित होते हैं तो राज्यसभा के उपसभापति इसकी भूमिका निभाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

176.

उत्तर: A

व्याख्या:

- द्वितीय ARC रिपोर्ट ने दो अलग-अलग समूहों में सुधारों के लिये अनुशंसाएँ की गई है। पहला प्रशासन विन्यास, प्रक्रियाओं और प्रथाओं में बदलाव है तथा दूसरा जिसमें विभिन्न मुद्दे शामिल हैं जिन पर भारत सरकार को प्रस्तावित सुधारों का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है।
- द्वितीय ARC रिपोर्ट की अनुशंसाएँ:
  - राज्य सूचना आयोग
  - डाकघरों अथवा बैंकों के माध्यम से मज़दूरी का भुगतान (नरेगा)
  - ज़िलों को सीधे धनराशि प्राप्त होनी चाहिये
  - ज़िला आपदा प्रबंधन के लिये आपातकालीन और लंबे समय से चली आ रही संयम योजना;
  - भारतीय नागरिक आयोग, स्थानीय निकायों के लिये एक पर्यवेक्षी निकाय;
  - लचीला लोकायुक्त और लोक अदालत
  - कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व
  - सामाजिक लेखापरीक्षा,MIPUI AW, तथा ई-गवर्नेंस को प्रोत्साहित करना।
- योजना के लिये मशीनरी प्रथम ARC रिपोर्ट द्वारा दी गई अनुशंसा है। **अत: विकल्प A सही है।**

177.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान, राज्यपाल को राज्य विधान सभा को बुलाने, भंग करने और सत्रावसान करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नबाम रेबिया और बमांग फेलिक्स बनाम डिप्टी स्पीकर मामले (2017) में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि सदन को बुलाने की शक्ति पूरी तरह से राज्यपाल में निहित नहीं है, बल्कि इसका प्रयोग मंत्रिपरिषद की सहायता एवं सलाह पर किया जाना चाहिये न कि अपने विवेक से। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान का अनुच्छेद 163 (1) अनिवार्य रूप से राज्यपाल की किसी भी विवेकाधीन शक्ति को केवल उन मामलों तक सीमित करता है जहाँ संविधान स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करता है कि राज्यपाल को अपने विवेक पर कार्य करना चाहिये और इसे स्वतंत्र रूप से लागू करना चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

178.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बढ़ा हुआ सरकारी खर्च जनता के हाथों में अतिरिक्त धनराशि डालता है, जिसके परिणामस्वरूप माँग बढ़ती है और बाद में कीमतें बढ़ती हैं, जिससे डिमांड पुल मुद्रास्फीति को बढ़ावा मिलता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क जैसे अप्रत्यक्ष करों में बढ़ोतरी से उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे संभावित रूप से लागत मुद्रास्फीति बढ़ जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- जब मूल्य वृद्धि की दर क्रमिक और मामूली होती है, तो इसे बढ़ती मुद्रास्फीति कहा जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

179.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जर्मेनियम एक चमकदार, कठोर, चांदी-सफेद अर्द्ध-धातु है जिसकी क्रिस्टल संरचना हीरे के समान होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जर्मेनियम का उपयोग विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल अनुप्रयोगों में किया जाता है।
- इसका उपयोग आमतौर पर फाइबर-ऑप्टिक केबल और इन्फ्रारेड इमेजिंग उपकरणों में किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जर्मेनियम कठोर परिस्थितियों में हथियार प्रणालियों को संचालित करने की क्षमता को बढ़ाता है।
- इसकी ऊष्मा प्रतिरोध और उच्च ऊर्जा रूपांतरण दक्षता के कारण इसका उपयोग सौर कोशिकाओं में भी किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

180.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- उज्ज्वला 2.0 योजना का लक्ष्य प्रवासी परिवारों को मुफ्त LPG कनेक्शन प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG) उज्ज्वला 2.0 योजना के लिये नोडल एजेंसी है।
- यह व्यवहार परिवर्तन के महत्त्वाकांक्षी एजेंडे का हिस्सा है जो भारत को वर्ष 2024 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- लाभ प्राप्त करने के लिये लाभार्थियों को केवल "सेल्फ डिक्लेरेशन" देना होगा।
- उज्ज्वला 2.0 सरकारी कार्यक्रम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि घरों में पाइप वितरण के माध्यम से LPG की पहुँच हो। **अत: कथन 3 सही है।**

181.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कावेरी जल विवाद में 3 राज्य और 1 केंद्रशासित प्रदेश (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुदुचेरी) शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इन समझौतों में यह सिद्धांत निहित था कि ऊपरी तटवर्ती राज्य को किसी भी निर्माण जैसे कावेरी नदी पर जलाशय, गतिविधि के लिये निचले तटवर्ती राज्य की सहमति प्राप्त करनी होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- कावेरी का उद्गम दक्षिण-पश्चिमी कर्नाटक राज्य में पश्चिमी घाट की ब्रह्मगिरि पहाड़ी से होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

182.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत और पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि (IWT) पर हस्ताक्षर किए थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- जल बँटवारे में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के समाधान के लिये संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक स्थायी सिंधु आयोग की स्थापना की गई थी।
- यह संधि सिंधु नदी और उसकी पाँच सहायक नदियों के जल-बँटवारे की शर्तों को बताती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सिंधु, चिनाब, झेलम तीन पश्चिमी नदियों पर पाकिस्तान को नियंत्रण मिला।
- भारत को तीन पूर्वी नदियों सतलुज, रावी और ब्यास पर नियंत्रण मिल गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

183.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (PCA)',एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका मुख्यालय नीदरलैंड के हेग में स्थित है एवं यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के विवाद समाधान हेतु समर्पित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका एक वित्तीय सहायता कोष होता है जिसका उद्देश्य विकासशील देशों को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता अथवा PCA द्वारा विवाद निपटान में शामिल साधनों की लागत को पूरा करने में मदद करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसकी संगठनात्मक संरचना तीन-भागों में विभक्त है, जिसमें इसकी नीतियों और बजट की देखरेख के लिये एक प्रशासनिक परिषद, न्यायालय के सदस्य, स्वतंत्र संभावित मध्यस्थों का एक पैनल एवं महासचिव की अध्यक्षता वाला अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

The Vision

नोट :